हरिभूमि

# संस्कारधानी भूमि

रायपुर, बुधवार 26 जून 2024

[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव ]




EXPERT COACHING CLASSES
NEET/JEE/FOUNDATION
8th 9th 10th 11th 12th (ICSE/CBSE/CG Board)
NEET DROPPER & REPEATER
BATCH START FROM 1/JULY/2024
Bal Bharti Public School Campus, Baldev Bagh, Rajnandgaon Cont. - 76111-66661 / 96448-96441


# साढ़े चार सौ से अधिक स्कूलों में मरम्मत का काम अधूरा, रिस्क के बीच भविष्य गढ़ने पहुंचेंगे विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आज से शुरू होने जा रही स्कूलों में एक तरफ जहां शिक्षकों की कमी चिंता का कारण बना हुआ है। वहीं दूसरी ओर अविभाजित राजनांदगांव जिले की साढ़े चार सौ से अधिक स्कूलें ऐसी भी है, जहां पर नए सत्र से पहले मरम्मत कराना था, यह काम अधूरा पड़ा हुआ है। इनमें अधिकांश स्कूलें वनांचल और अंदरूनी ग्रामीण इलाकों में स्थित है। ऐसे में बच्चों को शिक्षकों की कमी के साथ ही कमजोर स्कूल भवन में अपना भविष्य गढ़ने मजबूर होना पड़ेगा।




उल्लेखनीय है कि प्रदेशभर में आज से नए सत्र के लिए स्कूलों का संचालन शुरू किया जाएगा। जिले में भी हजारों की संख्या में बच्चे अपना भविष्य गढ़ने के लिए सरकारी स्कूलों में पहुंचेंगे। इन बच्चों को बेहतर और सुरक्षित शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए शासन ने करोड़ों रुपए की स्वीकृति कमजोर हो चुके स्कूल भवनों की मरम्मत के लिए जारी किए थे। राशि मिलने के बाद जिलेवार काम भी शुरू कराए गए, लेकिन ठेकेदारों की सुस्ती और विभाग की उदासीनता के चलते तय समय पर काम पूरा नहीं हो पाया है। ऐसे में अब शिक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि सामुदायिक भवन में पढ़ाई के साथ ही दो शिफ्ट लगाकर व्यवस्था बनाई जाएगी। राजनांदगांव जिले में कुछ स्कूलों में पहले ही अतिरिक्त कक्षाओं की व्यवस्था किए जाने की बातें भी कही गई।



### जिलेवार यह स्थिति

*मिली जानकारी के अनुसार अविभाजित जिले में करीबन 480 स्कूलों में मरम्मत का काम अब भी अधूरा है। इनमें राजनांदगांव जिले में 424 स्कूलों की मरम्मत होनी थी। जिसमें 265 काम पूरा और 150 काम प्रगतिरत है। वहीं 9 स्कूलों में मरम्मत का काम शुरू नहीं हो पाया है। ऐसे ही खैरागढ़ जिले में 13 स्कूलों में काम शुरू नहीं हो पाया और 136 काम प्रगतिरत है। मोहला-मानपुर जिले में 346 में से 129 भवन सुधारे जा चुके हैं और 140 काम शुरू नहीं हो पाया है। यहां 22 कामों को निरस्त कर दिया गया है।*

**मनाया जाएगा शाला प्रवेश उत्सव :** इधर आज से खुलने जा रहे सरकारी स्कूलों में पहले पखवाड़ेभर शाला प्रवेश उत्सव भी मनाया जाएगा। सभी स्कूलों में आने वाले बच्चों के माथे पर तिलक लगाने के साथ ही उनका फूल-माला पहनाकर स्वागत किया जाएगा। जनप्रतिनिधियो को भी इस कार्य में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जाएगा।





छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.cgstate.gov.in
बी.एम. आई.टी.आई.
▸कोपा ▸इलेक्ट्रिशियन
▸हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
▸डीजल मैकेनिक
▸फायर टेक्नालॉजी
▸स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-03/07/24


## खबर संक्षेप

### मैनेजमेंट के बाद खुल गया सफाई का टेंडर

**राजनांदगांव।** शहर को साफ रखने के लिए होने वाले सफाई ठेके को लेकर टेंडर की प्रक्रिया कर ली गई है। मिली जानकारी के अनुसार यह प्रक्रिया सोमवार को पूरी की गई। जबकि इससे तीन दिन पहले यह प्रक्रिया जब होनी थी तो स्वास्थ्य विभाग के चेयरमेन और कुछ पार्षदों के सवालों का जवाब निगम अफसरों द्वारा नहीं दे पाने के चलते यह प्रक्रिया टाल दी गई थी। उस दौरान यह भी आरोप लगाया गया था कि आचार संहिता के दौरान ही यह टेंडर प्रक्रिया की गई, फार्म भी ऑफलाइन उस दौरान ही बांटे गए। इसके बावजूद बिना किसी कार्रवाई के टेंडर कर लिया जाना सवाल खड़े कर रहा है। वहीं जिन नेताओं के द्वारा इस ठेके की प्रक्रिया पर सवाल उठाया जा रहा था, उनके द्वारा साधी गई चुप्पी भी सवालिया निशान खड़े कर रहे हैं। सूत्रों की माने तो भाजपा नेताओं के दबाव में आकर आनन-फानन में यह प्रक्रिया पूरी की गई है। जिसमें अधिकांश भाजपा नेताओं ने टेंडर लिया है।

## मोहला-मानपुर से बस्तर के माड़ तक ट्रैक्टर का इस्तेमाल

# नक्सलियों के लिए ट्रैक्टर की खरीदी ठेकेदार सहित चार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

बस्तर के छोटे बिटिया एनकाउंटर में बरामद जेसीबी के बाद मोहला-मानपुर जिले से लेकर बस्तर के माड इलाके में उपयोग करने नक्सलियों के लिए खरीदे गए ट्रैक्टर को पुलिस ने जब्त किया है। पहली बार पूरे प्रदेश में पुलिस महानिरीक्षक दीपक झा व पुलिस कप्तान वाईपी सिंह के नेतृत्व में आईपीएस अधिकारी एएसपी मयंक गुर्जर के मार्गदर्शन में नक्सलियों के नाम पर खरीदे गए ट्रैक्टर को बरामद किया गया है। बड़ी कार्रवाई करते सड़क ठेकेदार, पंचायत सचिव, ट्रैक्टर कंपनी के एजेंट तथा ट्रैक्टर का संचालन कर रहे नक्सली समार्पित चार आरोपियों को हिरासत में लिया गया है।

आज दोपहर प्रेसवार्ता में खुलासा करते आईजी दीपक झा व पुलिस अधीक्षक वाईपी सिंह ने बताया कि मदनवाड़ा थाना अंतर्गत नक्सलियों के बेनामी सम्पत्ति महिंद्रा ट्रैक्टर को जब्त किया गया है। वर्ष 2019 में नक्सलियों द्वारा ठेकेदार से लेव्ही के बदले ट्रैक्टर खरीदवाकर बस्तर के माड़ में खेती-किसानी और अपने उपयोग में कर रहे थे। बाद में नक्सली ट्रैक्टर को मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में भेज दिए, जहां किराये पर चलाकर किराये से प्राप्त रुपए से माओवादी संगठन दैनिक जरूरत के सामान खरीद रहे थे। पुलिस द्वारा नक्सलियों के लिए ट्रैक्टर खरीदने, उपयोग करने एवं वाहन खरीदी हेतु फर्जी दस्तावेज बनाने में संलिप्त अरविंद तुलावी पिता मनीराम तुलावी 30 साल निवासी कारेकट्टा थाना मदनवाड़ा, सचिव महेश मेश्राम पिता हिरामन मेश्राम 45 साल निवासी कोषाराव मानपुर, ठेकेदार रामकिशन यादव पिता हरिसिंह यादव 50 साल निवासी वार्ड 45 बसंतपुर थाना बसंतपुर राजनांदगांव, ट्रैक्टर एजेंट सुशील साहू पिता रामाधर साहू 54 साल निवासी तुलसीपुर जिला राजनांदगांव को जनसुरक्षा अधिनियम के तहत हिरासत में लिया गया है।





### बड़े लीडरों को सौंपा गया ट्रैक्टर

ठेकेदार रामकिशन यादव ने ग्राम सचिव महेश मेश्राम के साथ मिलकर नक्सलियों को ट्रैक्टर देने का इंतजाम किया। सचिव महेश मेश्राम के संबंध जिले के सक्रिय बड़े नक्सली नेताओं के साथ होने की पुख्ता जानकारी पुलिस को थी। सचिव का लंबे समय से माड़ आना-जाना लगा रहता था। ट्रैक्टर को माड़ भेजने के लिए अरविंद तुलावी, जो ट्रैक्टर का संचालन कर रहा था। जिसके साथ महेश मेश्राम भी गया था। ट्रैक्टर को माड़ में नक्सलियों के बड़े लीडर बलदेव उर्फ अशोक रेड्डी, विजय रेड्डी उर्फ शंकर, लोकेश सलामे उर्फ हरसिंग को सौंपा दिया गया।

### गरीब आदिवासी के नाम से ट्रैक्टर खरीदी

विगत कई वर्षों से नक्सली संगठन के लिए विभिन्न स्त्रोतों से पैसा वसूली करने वाले अरविंद तुलावी और कोहका ग्राम पंचायत के सचिव महेश मेश्राम ने मानपुर विकासखंड के एक गरीब आदिवासी के नाम पर फर्जी दस्तावेज संकलन कर 2019 में नक्सलियों के लिए ट्रैक्टर खरीदा। उक्त आदिवासी व्यक्ति को मालूम भी नहीं था कि उसके नाम पर कोई ट्रैक्टर है।

### ट्रैक्टर के साथ जब्त अन्य दस्तावेज

आरोपियों के कब्जे से लाल रंग का महिंद्रा ट्रैक्टर, नगदी रकम 8750 रुपए, नक्सलियों के लिए पहचाने वाले 10 जोडी जूता, मेमोरी कार्ड 4 जीबी, पेन ड्राईव 4 जीबी, अन्य दस्तावेज नक्सलियों की चिट्ठी, पैसे हिसाब-किताब की कापी, बैंक पासबुक, सड़क निर्माण संबंधी दस्तावेज। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी अंबागढ़ चौकी निरीक्षक अशवनी राठौर, मदनवाड़ा थाना प्रभारी उप निरीक्षक सतीश साहू, मानपुर थाना प्रभारी उप निरीक्षक रविशंकर डहरिया एवं आईटीबीपी फोर्स, डीआरजी के जवान एवं थाना स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# रेत कांड पर जमकर बरसे कांग्रेसी जिलेभर में आज करेंगे पुतला दहन



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

ग्राम मुढ़पार के रेत चोरी में संलिप्त के खिलाफ कार्रवाई को लेकर आज कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व में एक दिवसीय धरना कर राज्यपाल के नाम तहसीलदार मुकेश ठाकुर को ज्ञापन सौंपा। एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में कांग्रेसी रेत के मामले को लेकर प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर गरजे और आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा नेताओं के इशारे पर अधिकारी कार्य कर रहे हैं। रेत के मामले में दोषियों पर अब तक कार्रवाई नहीं हुई। रेत मामले में दोषियों पर भी कार्रवाई करने के बजाय दिखावे के लिए जांच कमेटी बनवाकर दोषी लोगों को बचाने का प्रयास, कार्रवाई में खानापूर्ति की जा रही है। कांग्रेस ने कल 26 जून को इस मामले में जिलेभर में सीएम का पुतला फूंकने का भी ऐलान किया है।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि सक्षम अधिकारी द्वारा आदेश दिया जाता है कि रेत को हटाओ शांति भंग हो रही है, बिना किसी के शिकायत के रेत को उठाने का आदेश दे दिया गया, पर रेत गई कहां, इसकी जानकारी किसी को भी नहीं है। रेत के मामले में दोषियों पर कार्रवाई नहीं होने पर विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने इस मामले को विधानसभा में उठाने की बात कही। जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू ने भी कहा कि दोषियों पर


⏵⏵ शेष पेज 18 पर


### 67 पीएम आवास के लिए थी रेत

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि ग्राम मुड़पार में ग्रामीणों के खेत, जमीन से रेत निकलती है। उसे ग्राम मुड़पार के ग्रामीण अपने उपयोग एवं आसपास ग्राम के लोगों को उपयोग के लिए देते हैं। वर्तमान में ग्राम पंचायत मुड़पार में लगभग 67 पीएम आवास भी स्वीकृत हुआ है। इसके लिए भी ग्रामीणों द्वारा रेत निकालकर सड़क किनारे अपनी कृषि भूमि में एकत्र कर रखा गया था।

## रेत सप्लायर पर सवा 6 लाख का अर्थदंड

# प्रशासन की जांच में एसडीएम दोषी नहीं

राजनांदगांव। मुड़पार में हजारों घनमीटर रेत की जब्ती और बिना नीलामी प्रक्रिया के ही उसे सप्लायर को दिए जाने के मामले में जिला प्रशासन द्वारा कराई गई जांच में डोंगरगढ़ एसडीएम उमेश पटेल को क्लीनचिट दे दिया गया है। जांच टीम को एसडीएम के खिलाफ कोई साक्ष्य नहीं मिले हैं। वहीं बाजार में रेत को बेचने के मामले में दो सप्लायरों पर छह लाख रुपए का अर्थदंड अधिरोपित किया गया है। उल्लेखनीय है कि एसडीएम उमेश पटेल ने डोंगरगढ़ के मुड़पार, पारागांव और जामरी में डंप की गई हजारों घनमीटर रेत की पिछले एक जून को जब्ती बनाते हुए उसे सप्लायर प्रतीक अग्रवाल और लेखराम साहू को वहां से हटाने का आदेश जारी किया था। इस आदेश के बाद तीन गांव में डंप की गई रेत को चार दिनों तक हटाया गया। प्रशासन की जांच रिपोर्ट की माने तो एसडीएम ने सप्लायरों को हटाने के


⏵⏵ शेष पेज 18 पर


**जांच में आठ सौ नहीं, सिर्फ 59 हाईवा रेत के परिवहन के मिले साक्ष्य**

### रेत के चोरी होने का भय

प्रशासन द्वारा की गई जांच में इस बात का भी खुलासा हुआ है कि यदि रेत की जब्ती के बाद उसे तत्काल वहां से नहीं हटाया जाता तो रात को रेत चोरी हो जाती। जांच रिपोर्ट की माने तो यही कारण है कि एसडीएम ने रेत की जब्ती के साथ ही वहां कोटवारों की ड्यूटी लगाई और उसे दो सप्लायरों को तत्काल वहां से हटाने के आदेश दिए। हालांकि इस आदेश में एसडीएम ने यह उल्लेख नहीं किया कि आखिर इस रेत को रखना कहां है।

### 20 पन्नों की रिपोर्ट

प्रशासन ने इस पूरे मामले की जांच के लिए अपर कलेक्टर सीएल मारकंडे, खनिज अधिकारी प्रवीण चंद्राकर और कोषालय अधिकारी दिलीप सिंह को नियुक्त किया था। जांच टीम ने डोंगरगढ़ के मुड़पार में सरपंच से लेकर ग्रामीणों से बयान दर्ज किए हैं। इसके अलावा रेत की जब्ती और उसे निजी हाथों में सौंपे जाने संबंधी सभी दस्तावेजों की पड़ताल भी की है।

## इस तीर्थयात्रा सफर में यात्रियों को सभी तरह की सुविधाएं मिलेगी

# श्रीराम लला के साथ ही काशी विश्वनाथ के भी दर्शन करेंगे इस बार भक्त, दुर्ग से आज जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

चुनावी आचार संहिता हटते ही सरकार फिर से श्रद्धालुओं को अयोध्या दर्शन करवाने जा रही है। श्रीराम लला दर्शन योजना के तहत श्रद्धालुओं को इस बार केवल श्रीराम लला के साथ काशी विश्वनाथ बाबा का भी दर्शन श्रद्धालु कर सकेंगे। खास बात यह है कि श्रद्धालुओं के लिए यह यात्रा पूरी तरह मुफ्त रखा गया है। ट्रेन में आने-जाने के साथ ही खाने-पीने की सुविधा और अयोध्या व काशी में ठहरने की व्यवस्था सरकार की तरफ से की गई है।

**दुर्ग व बस्तर संभाग से जाएंगे 850 श्रद्धालु :** श्रीराम लला दर्शन योजना के तहत दुर्ग संभाग और बस्तर संभाग के 850 श्रद्धालुओं को निःशुल्क यात्रा कराई जाएगी। इसमें राजनांदगांव जिले के 93 यात्री शामिल हैं। राजनांदगांव से 18, डोंगरगांव से 17, डोंगरगढ़ से 16 , छुरिया से 18, निगम राजनांदगांव से 7, नगर पंचायत डोंगरगांव से 5 यात्री, नगर पंचायत छुरिया से 5 यात्री, नगर पालिका डोंगरगढ़ से 5 यात्री एवं 2 अनुरक्षक शामिल हैं।

### ट्रेन में यह सुविधा

*यह ट्रेन स्पेशल इसलिए है क्योंकि इसमें ही यात्रियों का खाना बनेगा और गर्म खाना सभी यात्रियों को सर्व किया जाएगा। साथ ही साथ स्वास्थ्य को ध्यान रखते हुए सभी डिब्बों में डॉक्टरों की ड्यूटी भी लगाई गई है। हालांकि जिन यात्रियों का चयन हुआ है, उनका पहले से ही स्वास्थ्य परीक्षण करवाया जाना है। डॉक्टरों द्वारा मेडिकल फिट होना जारी के बाद ही यात्रा में शामिल किया जाएगा।*



### आज होगी दुर्ग से रवाना

26 जून को दुर्ग रेलवे जंक्शन से स्पेशल ट्रेन चलने वाली है। यह ट्रेन 4 दिन के लिए चलेगी 26 जून से यह ट्रेन दोपहर 12 चलना शुरू होगी। यह ट्रेन 27 जून को वाराणसी पहुंचेगी, जहां काशी विश्वनाथ के दर्शन के पश्चात रात्रि में वाराणसी में ही रहने की व्यवस्था यात्रियों के लिए की जाएगी। 28 जून को मॉर्निंग से यह ट्रेन निकलकर अयोध्या पहुंचेगी। यहां श्रीराम लला दर्शन के पश्चात रात्रि यह ट्रेन अयोध्या से निकलेगी, जो 29 जून रात्रि यह ट्रेन दुर्ग रेलवे स्टेशन वापस आएगी।


RUNGTA EDUCATIONAL FOUNDATION | R1
EXPERIENCE EDUCATION BEYOND BOUNDARIES
Study
•BCA •MCA
•BBA •MBA
•B.Com
Our Major Recruiters
AXIS BANK
ICICI Bank
tcs
wipro
Deepak Advis
90161 13333



संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
कैंसर चिकित्सा विभाग
उपलब्ध सुविधाएं
• ब्लड कैंसर • ब्रेस्ट कैंसर
• कोलोन कैंसर, • लीवर कैंसर
• फेफड़ों के कैंसर, • अमाशय के कैंसर
• प्रोस्टेट कैंसर, • बड़ी आंत और छोटी
• आंत का कैंसर • मुंह व गले के कैंसर का इलाज
साथ ही सभी तरह के कैंसर की जांच
ऑपरेशन और कीमो थैरेपी की सुविधा
आयुष्मान से कैंसर की आपरेशन की सुविधा उपलब्ध
➡ हाईटेक आईसीयू एवं सीसीयू ➡ अनुभवी मेडिकल स्टॉफ के साथ
➡ हाई टेक ट्रॉमा सेंटर एक्सीडेंटल केस के लिए ➡ 24 घंटे आपातकालीन सुविधा
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## खबर संक्षेप

### युवक लापता, अपहरण की आशंका



**डोंगरगढ़।** इंदिरा नगर निवासी 21 वर्षीय सचिन वर्मा गत 20 जून से लापता है। उसके गुम होने की शिकायत थाने में परिजनों ने की है। उसके पिता विजय वर्मा को अपने पुत्र का अपहरण होने की शंका जाहिर किया है। परिवार जनों की माने तो किसी के द्वारा पैसे के लिए फोन किया जा रहा था। लापता सचिन वर्मा वर्तमान में मनप्पुरम बैंक में कार्यरत था। उसने एक से डेढ़ लाख रूपए का आहरण किया था जिसका भुगतान उसके परिजनों ने कर दिया है। वह गत 20 जून को बैग में डायरी, क्रेडिट कार्ड, आधार कार्ड, बैंक पासबुक आदि छोड़कर निकला था। उसे डेढ बजे के आसपास जना फायनेंस बैंक जयस्तंभ चौक के आसपास देखा गया था। अनुविभागीय अधिकारी पुलिस आशीष कुंजाम ने बताया कि सचिन वर्मा के गुम होने की जानकारी मिली। उसकी खोजबीन की जा रही है।

### बोरतलाब सड़क निर्माण की मांग



**डोंगरगढ़।** खैरागढ़ से बोरतलाव मार्ग इन दिनों भारी वाहनों के आवाजाही के कारण डेंजर जोन बन गया है। इस मार्ग पर पिछले पांच से सात सालों से भारी वाहनों का दबाव देखने मिल रहा है। इस मार्ग से रायपुर और बिलासपुर होते हुए अन्य राज्यों की ओर जाने वाले वाहन गुजरते है। भारी वाहनों के चलने से इस मार्गपर दुर्घटनाएं भी बढ़ी है। वाहनों के दबाव को देखते हुए ढारा कलकसा के आसपास से बोरतलाव कलकसा तक रिंग रोड का निर्माण आवश्यक हो गया है। शहर के लोगों की मांग के बाद पूर्व विधायक विनोद खांडेकर ने उक्त सड़क निर्माण की मांग को गंभीरता से लेते हुए उपमुख्यमंत्री अरूण साव से वर्ष 2024-25 के अनुपूरूक बजट में शामिल करने का आग्रह किया है।

### सरपंच एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सम्मानित



**मोहला।** कलेक्टर एस जयवर्धन ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में स्वच्छता, पेयजल, हैंडवॉश के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सरपंच एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि विकासखंड अंबागढ़ चौकी में पीरामल फाउंडेशन द्वारा सामूहिक सहभागिता एवं ग्राम पंचायत के सहयोग से सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में स्वच्छता, पेयजल, हैंडवॉश, शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग करने के लिए स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की सहभागिता से आंगनबाड़ी केंद्रों का बेहतर संचालन करने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सरपंचों द्वारा सक्रिय भागीदारी के साथ उत्कृष्ट कार्य किया गया है। पिरामिड फाउंडेशन के महाकाल सिंह, दिव्या एवं सुमित शेंडे को विशेष सहयोग के लिए सम्मानित किया गया है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं में देववाड़वी की श्वेता सलामे, बड़े कलकसा की अनीता बाई, चिखली संगीता बाई, चिखली मुख्य बस्ती की सरिता बाई, रेंगाकठेरा मुख्य बस्ती की धनुमति साहू, कुसुमकसा की सहेबीन बाई, लेडीजोब की सुरुजना बाई, आड़ेझर गंगोत्री बाई, हांडीटोला रूक्मिणी बाई, साल्हेमिर्ची सुरतिया बाई, कोरचाटोला जहाज नगर की अनिन्दलता बाई को सम्मानित किया गया है। इसी प्रकार देववाड़वी के सरपंच श्रीराम धावडे, भर्रीटोला के भुनेश्वर चंद्रवंशी, बिहरीकला के हेमकुंवर मंडावी, देवरसुर के बसंत मंडावी एवं हालमकोड़ो के ललिता बाई को सम्मानित किया गया है।

## मुख्यमंत्री जतन योजना के काम अधूरे, बच्चे होंगे परेशान

# कई दिक्कतों के बीच आज खुलेंगे स्कूलों के दरवाजे

## व्यवस्था दुरुस्त करने अधिकारी गंभीर नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

शिक्षा को लेकर बहुतेरे प्रयास के बावजूद भी जिले के सरकारी स्कूलो मे पढने वाले बच्चे अभी भी मूलभुत आवश्यकताओ से महरूम है। कहने को तो खेलने के लिए परिसर है। निःशुल्क पाठ्यपुस्तक, गणवेश और आने जाने के लिए साइकिल के अलावा दोपहर का भोजन भी दिया जा रहा है लेकिन इसे क्रियांवित करने वालो मे इच्छाशक्ति की कमी के चलते सरकारी योजना सही मायनों में फलीभूत नहीं हो पा रही है।

शैक्षणिक सत्रारंभ प्रारंभ होने की आहट के साथ ही स्कूल परिसर की साफ सफाई, रंगाई पुताई और प्रवेशोत्सव के शानदार आयोजन की तैयारी हो रही है लेकिन सालभर पहले से मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना तहत जिले के 281 स्कूलो के मरम्मत और अतिरिक्त कक्ष का काम पूरा नहीं हो पाया है।

कही मरम्मत के लिए स्कूल की दीवार टूटी हुई तो कही पूरी छत गायब है। अतिरिक्त कक्ष निर्माण का काम नींव लेबल पर आकर महीनों से अधूरा है। इस स्थिति में नौनिहालो को बिठाकर पढ़ाना स्टाफ के लिए दुष्कर काम हो गया है जबकि सभी काम सत्रारंभ शुरू होने के पहले पूरा कराने का स्पष्ट निर्देश था। पिछले सत्र में भी निर्माण कार्य शुरू होने के दौरान जिले भर में कई स्कूलों के बच्चों को पढ़ाई कराने, मिडिल, हाईस्कूल, सामुदायिक भवन, पंचायत भवनों में व्यवस्था बनाई गई थी।

### राशि मिली पर काम अधूरा

मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना तहत छुईखदान ब्लाक मे 25 स्कूलों की मरम्मत और 81 जगहों में अतिरिक्त कक्ष निर्माण की स्वीकृति मिली थी लेकिन जंगलपुर के दो और नचनिया में अतिरिक्त कक्ष के लिए मिली राशि स्थल विवाद के चलते वापस मंगा ली गई। शेष 78 कक्ष में सिर्फ कालेंगोदी में कक्ष बनकर तैयार हुआ है। शेष 77 अतिरिक्त कक्ष नहीं बन पाए हैं। मरम्मत के लिए मिली राशि मे दो निरस्त होने के बाद सिर्फ निजामडीह में काम प्रगति पर है यहॉ भी 22 स्कूल मरम्मत की राह ताक रहे है। खैरागढ़ ब्लाक के 149 स्कूलों की मरम्मत और 51 में अतिरिक्त कक्ष के लिए पैसा आया था जिसमे कामठा, मड़ौदा और घुमर्रा मे अतिरिक्त कक्ष बन पाया है जबकि सिंगारपुर और धनेली में बनने वाले अतिरिक्त कक्ष की राशि वापस हो गई। यहॉ 46 अतिरिक्त कक्ष बनना शेष है। मरम्मत को लेकर मिली जानकारी अनुसार 130 का काम पूरा हो गया है। 13 आधे अधूरे है जबकि कटेमा, लिमऊटोला, कन्या शाला खैरागढ़, पेड्रीखुर्द नया करेला और पेंड्रीकला की राशि वापस हो गई है।

### 72 स्कूल एक शिक्षक के भरोसे

जिले के 456 प्राथमिक, 182 पूर्व माध्यमिक, 33 हाई और 44 हायर सेकंडरी स्कूल संचालित है लेकिन हर स्कूल किसी ना किसी समस्या से जूझ रहा है। कही शिक्षको की कमी है तो कही शिक्षक समय पर शाला नही आते। वनाचंल क्षेत्रो के स्कूलो मे कई जगहो पर तो किराए मे पढ़े लिखे युवको को अपनी जगह बच्चो को काम मे पढ़ाने लगा दिया गया है। शाला भवनो के अलावा नया जिला अभी भी एक शिक्षकीय और शिक्षक विहीन शाला की समस्या से जूझ रहा है जानकारी अनुसार छुईखदान ब्लाक मे चालीस प्राथमिक शाला एक शिक्षक के भरोसे संचालित हो रही है जबकि भावे, गर्रा जंगलपुर, पथर्रा, लावातरा, खैरानवापारा, चंपाटोला, पैलीमेटा और गोंगले मे अभी तक शिक्षक की व्यवस्था नही हो पाई है। कमोबेश यही हाल खैरागढ़ ब्लॉक का है जहॉ 32 प्राथमिक शाला और लिमतरा, मरकामटोला पूमाशा एक शिक्षकीय है जबकि मदनपुर, पिरचाटोला, कौडिया, घुमर्रा व लिमऊटोला शिक्षक विहीन शाला है। जिले के अन्य स्कूलों की हालत को भी बेहतर नहीं कहा जा सकता। जिससे आने वाले समय में बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

### उपकृत करने बदला नियम

स्कूलों की मरम्मत और अतिरिक्त कक्ष निर्माण का काम पहले नगरीय निकायों और पंचायतों द्वारा कराए जाने की तैयारी थी लेकिन राजनीति के चलते इसमें नेताओं ने इस आदेश को बदलवा कर शाला प्रबंधन समिति को दे दिया। जिसकी आड़ में जिले के कई नेताओं ने यहाँ अपने लोगों को काम में लगवाया लेकिन समय पर राशि और काम करने वाले नहीं मिलने के चलते जिले में स्कूलों में मरम्मत और अतिरिक्त कक्ष का ज्यादातर निर्माण अब तक अटका हुआ है, हालांकि जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग कार्य अंतिम चरण में होने का दावा कर रहा है लेकिन जमीनी स्तर पर स्थिति इसके उलट है।

### 28 स्कूलों में नहीं है शौचालय

शौचालय को लेकर पता चला है कि अभी भी खैरागढ़ ब्लाक के 28 स्कूलो मे शौचालय नही है। दपका हाईस्कूल, गोदरी पूमाशा के बच्चे प्राथमिक शाला मे बने शौचालय का उपयोग करते है। टिंगामाली, गाड़ाघाट, बोदागढ़, कोड़ेगॉव, चिचोला, भरदाकला, के बच्चे सार्वजनिक शौचालय, मदनपुर, सिंघौरी, कामठा के बच्चे आंगनबाजी केंद्र के शौचालय और नवीन पिपरिया के बच्चे दिव्यांग शौचालय का उपयोग कर रहे है। पेंड्रीखुर्द, मरकामटोला, गुमानपुर, बेद्रीडीह के बच्चो के लिए स्टाफ ने वैकल्पिक व्यवस्था बनाई है।

### तैयारी पूरी

शैक्षणिक सत्रारंभ को लेकर पूरी तैयारी हो गई है। कही कही आधे अधूरे मरम्मत या कमरे की कमी को लेकर जानकारी मिली है संबंधित को काम पूरा करने कहा गया है।

- **लालजी द्विवेदी,** डीईओ

# रेत मामले की जांच करने कांग्रेस का दल पहुंचा मुड़पार

## ग्रामीणों ने कहा : बिना नोटिस जब्त किया रेत



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

ग्राम मुड़पार में भंडारित रेत को पहले जब्त करने और फिर उसे बेचने का मामला दिन ब दिन गहराते जा रहा है। जिला कांग्रेस कमेटी ने जांच कमेटी का गठन कर रेत प्रकरण की जांच कराया है वहीं कलेक्टर के निर्देश पर डिप्टी कलेक्टर श्री मारकंडे मामले की जांच कर रहे हैं। कांग्रेस का कहना है कि 800 हाइवा रेत का भंडारण प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों ने किया था जिसे जब्त कर बेच दिया गया है।

ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक इतनी बड़ी मात्रा में रेत का भंडारण करने वाले प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही सामने आए है और न ही रेत का भंडारण करने वाले खनिज माफिया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजय राज सिंह ने बताया कि मुड़पार में ग्रामीणों ने आवास निर्माण एवं निजी कार्य के लिए रेत का भंडारण किया था जिसे एसडीएम, तहसीलदार ने सप्लायर मिलकर लगभग 700 से 800 हाईवा रेत को बेच दिया है। ग्रामीणों के हित को ध्यान में रखते हुए कांग्रेस ने डोंगरगढ़ थाना, कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। कांग्रेस की जांच कमेटी गत दिनों वस्तुस्थिति जानने मुड़पार पहुंची थी।

### ग्रामीणों का आरोप : भाजपाई भी शामिल

कांग्रेस के जांच दल के समक्ष ग्रामीणों के माध्यम से चौकाने वाली बात सामने आई है जिसमें भाजपा नेता का भी हाथ होना बताया गया है। ग्रामीणों ने पूरे मामले का खुलासा समय आने पर करने की बात कही है। जांच दल के समक्ष ग्रामीणों का कहना था कि न तो रेत को जप्त किया गया और न किसी को नोटिस दिया गया। अधिकारियों ने सप्लायरों के साथ सांठगांठ कर रेत को यहां से उठवा दिया। ग्रामीणों के हो हल्ला करने पर कुछ रेत को छोड़ा गया है। जांच के दौरान ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष विजयराज सिंह चौहान, जनपद अध्यक्ष भावेश सिंह, जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव, पुष्पा वर्मा, ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, एलबी नगर ब्लॉक अध्यक्ष हीरा सोनी, जनपद उपाध्यक्ष नरेंद्र वर्मा, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष संदीप सिंह गहरवार, जनपद सभापति मनोज सिन्हा, दशरथ ठाकुर आदि उपस्थित थे।

# लोधी समाज के निर्वाचित पदाधिकारियों को दी बधाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

छत्तीसगढ़ राज्य लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष विष्णु लोधी ने कवर्धा जिला लोधी समाज के पदाधिकारियों को बधाई दिया है। उन्होंने कहा जिला लोधी समाज कवर्धा का चुनाव रविवार को संपन्न हुआ जिसमें 120 में से 119 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदाताओं की यह भागीदारी समाज की जागरूकता का प्रमाण है।

चुनाव में संतोष कौशिक जिला अध्यक्ष चुने गए हैं। वहीं उपाध्यक्ष घनश्याम जंघेल, धर्मपाल कौशिक, रमेश कौशिक, सोनवा कौशिक, महासचिव संजीव कौशिक, कोषाध्यक्ष राजेश कौशिक, संगठन सचिव राजेश कौशिक और सचिव आनंद कौशिक, कौशल कौशिक, राम जंघेल, सेवा कौशिक निवाचित हुए है। नवनिर्वाचित पदाधिकारी को घनश्याम वर्मा, घनश्याम कौशिक, जीवन कौशिक, विमल पटेल, जयप्रकाश लोधी, भगवती वर्मा, विश्राम वर्मा, दानेश्वर लिल्हारे, लूकेश वर्मा, अनिल जंघेल, हिलेशवर वर्मा, लोकेश वर्मा, अनिल वर्मा, रामशरण कौशिक, अजय कौशिक, आदित्य आदि ने बधाई दिया है।



### सुश्री पांडे को दी बधाई

**डोंगरगढ़।** पूर्व सांसद सुश्री सरोज पांडे के जन्मदिन के अवसर पर मां बम्लेष्वरी ट्रस्ट समिति के ट्रस्टी प्रकाश बिंदल एवं भाजपा महामंत्री संतुराव अन्ना आदि ने मुलाकात कर बधाई दिया।

# कलेक्टर ने सुनी जन समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

कलेक्टर एस जयवर्धन ने सभाकक्ष में आमजनों से भेंटकर उनकी समस्याओं, मांगों और शिकायतों को सहानुभूति पूर्वक सुना। कलेक्टर ने जिला अधिकारियों से कहा कि दूर दराज से आए नागरिकों की समस्याओं को सुनें। साथ ही समस्या से निजात दिलाने का प्रयास करें। कलेक्टर जनदर्शन में 9 आवेदन प्राप्त हुए जिन्हे ऑनलाइन पंजीयन करने के साथ ही संबंधित विभाग में भेजा गया। कुर्मीटोला की सरिता खोबरागड़े ने आवेदन देते हुए बताया कि उनके पति की मृत्यु हो गई है। उन्होंने अपने पति की मृत्यु हो जाने पर ससुराल की पुश्तैनी जमीन पर हक दिलाने संबंधी आवेदन दिया है। सिंघाभेड़ी के जय मां बमलेश्वरी स्वसहायता समूह के महिलाओं ने अपनी समस्या बताते हुए आवेदन दिया है कि उनके द्वारा अपने गांव के गौठान में कंपोस्ट खाद निर्माण का कार्य किया जा रहा था। वर्तमान में उनके पास 2200 बोरी खाद रखा हुआ है। खाद बिक्री नहीं होने से महिलाओं को आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने अपने आवेदन में यह भी बताया कि उनके द्वारा गौठान में मुर्गी पालन का व्यवसाय किया जा रहा है, बीमारी के चलते सभी मुर्गियां मर गई है। समूह की महिलाओं के द्वारा बैंक से लोन लिया गया है। खाद बिक्री नहीं होने एवं मुर्गी के मर जाने से वे बैंक से लिए गये ऋण की अदायगी करने में असमर्थ हैं। इसके लिए उन्होंने आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत करने संबंधी आवेदन दिया है।



# बिजली की आंख मिचौली से परेशान ग्रामीण, विरोध में कांग्रेस ने दिया धरना

- विद्युत कार्यालय का घेराव कर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ घुमका



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने विद्युत समस्या को लेकर गांधी चौक में धरना दिया। एक घंटा तक धरना देने के बाद विद्युत वितरण केंद्र का घेराव कर नायब तहसीलदार अशोक सिंह की उपस्थिति में ज्ञापन सौंपा गया।

धरना प्रदर्शन में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, पूर्व मंत्री धनेश पाटिला भी शामिल हुए। इस मौके पर विधायक श्रीमती बघेल ने कहा जब से बीजेपी सरकार आई है तब से विद्युत समस्या बढ़ गई है। उन्होंने समस्या के लिए सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि इसके कारण कृषि सहित शासकीय कामकाज प्रभावित हो रहा है। पूर्व मंत्री श्री पाटिला ने भी विद्युत समस्या क्ते लिए सरकार पर हमला बोला। सभा को सरपंच फूलमती वर्मा ने भी संबोधित किया। धरना में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रतन यादव, सरपंच नेमदास साहू, कल्पना साहू, उमराव वर्मा, संतराम ठाकुर, टीकम दास यदु, अनिल वर्मा, डेरहा वर्मा, चन्नू आडिल, प्रहलाद आदि शामिल हुए।

### बस स्टैंड में शराब दुकान

**डोंगरगढ़।** शहर के बस स्टेण्ड में अवैध शराब दुकान एवं चखना सेंटर का संचालन किया जा रहा है। आश्चर्य की बात यह है कि बस स्टैंड के पास ही न्यायालय परिसर, एसडीएम, तहसील कार्यालय, रजिस्ट्रार आफिस, यात्री प्रतिक्षालय आदि संचालित है। प्रमुख क्षेत्र में शराब दुकान और चखना सेंटर का संचालन होने से अधिकारियों और नेताओं की भूमिका सवाल खड़े हो रहे है। भाजपा पार्षद तुलसी मिश्रा ने बस स्टेण्ड सहित कई स्थानों में पोस्टर चिपकाकार शराब बिक्री के मुद्दे को उठाया है।

पाठक सूचना

राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319268069, 9425565082

## गोड़ समाज ने श्रद्धा के साथ मनाया बलिदान दिवस

# रानी दुर्गावती जैसी बने महिलाएं : कंवर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कल्लूबंजारी



आदिवासी कोयतुर गोंड़ समाज ग्राम इकाई बूचाटोला के तत्वावधान में रानी दुर्गावती का 460 वा बलिदान दिवस मनाया गया। मुख्यअतिथि जिला पंचायत सभापति ललिता कंवर थी।अध्यक्षता समाज के ब्लाक अध्यक्ष दिनेश कोरेटी ने किया। विशेष अतिथि सरपंच पवनबाई ध्रुर्वे, उपसरपंच रूपनाथ हारमे, दिलीप कोरेटी, अंबिका सलामे, महाजन कोमरे, मीनाबाई हारमें एवं शारदा कोरेटी थे। कार्यक्रम का शुभारंभ सेवा अर्जी एवं रानी दुर्गावती के प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ। स्वागत के बाद मुख्य अतिथि श्रीमती कंवर ने कहा कि गोंरानी दुर्गावती नारी शौर्यता की प्रतीक थी। सभी महिलाओं को रानी दुर्गावती की शौर्यता, त्याग, बलिदान एवं सेवा से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम अध्यक्ष श्री कोरेटी ने गोंड़वाना समाज का इतिहास प्राचीन एवं गौरवशाली है जिसे मिटने नहीं दिया जाएगा। सभा को पवनबाई ध्रुर्वे, रूपनाथ हारमें, दिलीप कोरेटी एवं महाजन कोमरे ने संबोधित किया। स्वागत भाषण अंबिका सलामें, संचालन भगवान दास पुरामे एवं आभार प्रदर्शन सविता पुरामे ने किया।

### खिलाड़ी की मां सम्मानित

इस अवसर पर कबड्डी की राष्ट्रीय खिलाड़ी छाया चन्द्रवंशी के मां हुमेश्वरी चन्द्रवंशी को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में धनसाय नेताम, बिदेराम तुलावी, उमलाल कोमरे, छबिलाल हारमें, राम्हू लाल पुरामें, समारू धुर्वे, सुमन कोरेटी, ललिता पुरामें, मेहतरीन हारमें, बैशाखिन पुरामें, राहुल कुंजाम, सीमांत हारमें, लोटन दर्रो, हेमोतीन ध्रुर्वे, बसंती दर्रो, ताराचंद नेताम, कुमलाल कल्लो, प्यारे लाल कोरेटी, अनिल हारमें, कुंजलाल कोमरे, सामसाय पुरामें आदि उपस्थित थे।

Recognized by Indian Nursing Council & C.G. Nurses Registration Council

NURSING EDUCATION

B.Sc. Nursing 4 Years Course

P.B. B.Sc. Nursing 2 Years Course

100% CAMPUS PLACEMENT



RASTOGI COLLEGE OF NURSING

Affiliated by Pt. D.D. U. M. Health Sciences & Ayush University, Raipur
G.E. ROAD, TEDESARA, DIST.- RAJNANDGAON (C.G.)
www.rastoginursing.com • rcnrjn@rastoginursing.com
09300252200, 09300558500

## खबर संक्षेप

### अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस आज

**राजनांदगांव।** अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस 26 जून को मनाया जाएगा। नशापान करने की प्रवृत्ति पर प्रभावी नियंत्रण तथा समाज में नशामुक्ति के पक्ष में सकारात्मक वातावरण निर्मित किया जाना है। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने जिले में नशापान करने की प्रवृत्ति की रोकथाम के लिए समुदाय में जागरूकता सृजन करने की अनिवार्यता के दृष्टिगत सभी स्तरों पर प्रयास करने के निर्देश दिए हैं। समुदाय की सहभागिता से नशापान के विरूद्ध व्यापक जनमत विकसित करने 26 जून अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के अवसर पर स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल एवं युवा कल्याण, महिला एवं बाल विकास विभाग, पंचायत, आबकारी विभाग, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को नशामुक्ति के लिए कार्यक्रम आयोजित कराने के निर्देश दिए गए हैं। अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस पर ग्राम पंचायत स्तरों पर गठित भारत माता वाहिनी को विभागीय दिशा-निर्देशों अनुसार नशामुक्ति कार्यक्रमों का आयोजन करने कहा गया है। इसके अलावा जनसामान्य की सहभागिता से रैली का आयोजन, विश्वविद्यालय, महाविद्यालय, विद्यालयों में नशामुक्ति पर केन्द्रित चित्रकला, भाषण, गीत, नृत्य, नाटक, स्लोगन आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। ग्राम पंचायत से जिला स्तर तक विभिन्न माध्यमों से नशापान के दुष्परिणामों का प्रचार-प्रसार, निवारक शिक्षा आदि कार्यक्रमों का आयोजन और नशामुक्ति पर केन्द्रित सेमिनार, गोष्ठियां, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। नशामुक्ति साहित्यों का वितरण, विद्यार्थियों में नशापान के विरूद्ध जागरूकता लाना, इसके लिए विश्वविद्यालय, महाविद्यालय, विद्यालय में नशापान के दुष्परिणामों पर केन्द्रित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा।

### ग्रामीण घर का कचरा स्वच्छता दीदीयों को दें



**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने ग्राम अर्जुनी में हैण्डपंप के पास कचरा देखने पर नाराजगी जाहिर की। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कचरा को तत्काल हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि घर का कचरा संग्रहण करने वाली स्वच्छता दीदीयों को ही कचरा दें। इसे उचित स्थान पर कम्पोस्ट किया जा सके। इससे मोहल्ला, गांव साफ सुथरा रहेगा, गंदगी नहीं होगी। उन्होंने कहा कि मोहल्ले एवं गांव में गंदगी होने से कई प्रकार की बीमारियां उत्पन्न होती है। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि खाली स्थानों में पौधे लगाएं जिससे वातावरण अच्छा रहेगा। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, एसडीएम मनोज मरकाम, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती गुरूप्रीत कौर सहित ग्रामीणजन एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

युवक कांग्रेस ने दी आंदोलन की चेतावनी

# कंपोजिट शराब दुकान खोलने के विरोध में युकां ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिला युवा कांग्रेस जिला एनएसयूआई ने कलेक्टर को संयुक्त रूप से जिले में नए कंपोजिट शराब दुकान खोले जाने की विरोध में ज्ञापन सौंपते हुए चेतावनी दिया कि अगर शराब दुकाने ग्रामीण क्षेत्रों मे खुलेगी तो वह सडक़ पर उतरकर प्रदर्शन करेंगे। युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष गुलशन तिवारी ने कहा कि जिले के जालबांधा, कुकुरमुड़ा, पैलीमेटा, गातापार जंगल, ठेलकाडीह के साथ घनी आबादी वाले आधा दर्जन से ज्यादा गॉवो में नई शराब दुकान खोलने भाजपा सरकार की योजना सरासर गलत है। पूर्व में कांग्रेस सरकार पर शराबबंदी नहीं करने का आरोप लगाने वाली भाजपा नई शराब दुकान खोलकर युवाओं को नशे की लत में धकेलने की साजिश रच रही है जिसका युवा कांग्रेस विरोध करता है। एनएसयूआई जिला अध्यक्ष सुमित जैन ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने जालबांधा में शिक्षा स्तर में सुधार करते हुए नया आत्मानंद



स्कूल और कॉलेज के सौगात दिया। बाजार अतरिया, ठेलकाडीह, पैलीमेटा में भी युवाओ को अध्ययन अध्यापन में ध्यान केंद्रित करने शाला उन्नयन व कालेज दिया लेकिन अब सरकार विद्यार्थियों को नशे के दलदल में धकेलना चाहती है जो पूरी तरह गलत है। मनराखन देवांगन, शहर अध्यक्ष सोनूराम ढीमर, ब्लॉक अध्यक्ष रोहित यादव, राजा रजक सहित अन्य ने कहा कि आबकारी विभाग उदयपुर में नई कंपोजिट शराब दुकान खोलने वाली चर्चा को जिस तरह अफवाह बता रही है उसी तरह 1 जुलाई के पूर्व नई शराब दुकान खोले जाने के संबंध में जानकारी स्पष्ट करें अथवा जिला आबकारी कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।इस सत्र प्रदेश मे कही नही खुलेगी नई दुकानजिले मे नवीन शराब दुकान खोले जाने की योजना को लेकर पता चला है कि सत्र 24/25 मे प्रदेश मे संचालित 672 शराब दुकानो के अलावा प्रदेश सरकार या आबकारी विभाग ने किसी प्रकार की कार्ययोजना नही बनाई है और नही किसी प्रकार का प्रस्ताव शासन स्तर पर लंबित है इसलिए जिले मे नई दुकान खुलने की बात किसी भी स्थिति परिस्थिति मे संभवन नही है। युक्तियुक्तकरण को लेकर भी ग्रामसभा के अनुमोदन के बिना दुकाने ट्रांसफर नही हो सकती।

### निर्देश नहीं मिला

नवीन शराब दुकान खोलने को लेकर विभाग को कोई निर्देश नही मिला है इसलिए जिले मे नवीन शराब दुकान खोलने या ट्रांसफर को लेकर हो रही मात्र अफवाह है।

- **डीगेश देवांगन,** जिला आबकारी अधिकारी

# आम्बेडकर मंगल भवन का मेयर ने किया लोकार्पण

- अधोसंरचना मद से 25 लाख की लागत से निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम द्वारा वार्ड नं. 12 के शिक्षक नगर में अधोसंरचना मद अंतर्गत 25 लाख रुपए की लागत से रमा आई डॉ. आम्बेडकर परिसर में आम्बेडकर मंगल भवन का निर्माण किया गया है। जिसका महापौर हेमा देशमुख ने फीता काटकर पट्टिका का अनावरण कर लोकार्पण किया। कार्यक्रम में मधुकर वंजारी, सिद्धार्थ डोंगरे, पूर्णिमा नागदेवे, छोटेलाल रामटेके, कौशिल्या मेश्राम उपस्थित थे।

कार्यक्रम में महापौर श्रीमती देशमुख ने कहा कि वार्ड पार्षद एवं सामाजिक बंधुओं की मांग पर सामुदायिक भवन का निर्माण किया गया है। भवन निर्माण की बहुत पुरानी मांग थी, जो अब पूरी हुई। उन्होंने कहा कि रमा आई डॉ. आम्बेडकर परिसर शिक्षक नगर का एकमात्र बड़ा परिसर है, जहां विभिन्न आयोजन होते हैं, अब भवन निर्माण होने से समाज के लोगों को सामाजिक, धार्मिक एवं अन्य आयोजनों के लिए एक सर्वसुविधायुक्त उचित स्थान मिल गया। उन्होंने कहा कि आम्बेडकर समाज बड़ा समाज है, जो एकजुट होकर कार्य करते हैं, इसी प्रकार एकजुट होकर समाज के हर व्यक्ति के हित में कार्य करें। जिससे समाज का विकास होगा। उन्होंने भवन में अन्य सुविधा के लिए प्राथमिकता के आधार पर कार्य कराने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के पूर्व में समाज के चंद्रिका वैद्धे, धनराज वैध, राजकुमार रामटेके, मनोज रामटेके, महेन्द्र बंसोड़, बलिराम रंगारी, प्रभा सुखदेवे, रोशन सुखदेवे, खेलन वाल्दे, कुणाल बोरकर, संदीप कोल्हाटकर ने अतिथियों का स्वागत किया। तत्पश्चात अतिथियों ने डॉ. आम्बेडकर एवं भगवान बुद्ध की पूजा अर्चनाकर सामुदायिक भवन का विधिवत लोकार्पण किया। इस अवसर पर सुषमा साहू सहित समाज के लोग उपस्थित थे।

### सर्वसुविधायुक्त भवन

श्री डोंगरे ने कहा कि वार्डवासियों की मांग पर महापौर श्रीमती देशमुख की अनुशंसा पर शासन द्वारा 25 लाख रुपए की स्वीकृति प्राप्त हुई। जिससे आम्बेडकर मंगल भवन का निर्माण किया गया। उन्होंने कहा कि 4 कमरे, हॉल का सर्वसुविधायुक्त भवन बना है। जिसका उपयोग समाज एवं वार्डवासियों द्वारा विभिन्न आयोजनों के लिए किया जाएगा।

# जिले के स्कूलों में सत्रारंभ से पहले शालेय स्वच्छता अभियान जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

शिक्षा सत्र शुरू होने और बच्चों के शाला आने की आहट साथ ही कलेक्ट चंद्रकांत वर्मा के निर्देश पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। शाला परिसर और आस-पास के परिवेश, निवास, सार्वजनिक स्थल को साफ सुथरा रखने के उद्देश्य को आगे बढ़ाने कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा के दिशा निर्देश मे शिक्षा और पंचायत विभाग के द्वारा जिले के सभी प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक व उच्चतर माध्यमिक शाला परिसर मे स्कूल खुलने के पूर्व जनभागीदारी से स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है।

प्रधान पाठक, प्राचार्य, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सरपंच, समूह की महिलाएं और ग्रामवासियों द्वारा परिसर में सफाई के साथ-साथ घास फूस भी निकाला जा रहा है। शौचालय की साफ सफाई, रेनवॉटर हार्वेस्टिग सिस्टम की मरम्मत के



अलावा शाला की पुताई भी की जा रही है। इससे पूर्व कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी, दोनो विकासखंड के बीईओ सहित प्राचार्य, प्रधान पाठकों की बैठक लेकर शाला खुलने से पूर्व शाला परिसर की साफ सफाई का निर्देश दिया गया था जहॉ उन्होंने कहा कि शाला एवं परिसर की साफ सफाई अध्यापन के लिए आवश्यक है। जीवन मे स्वच्छता निहायत आवश्यक है यदि शाला के आस पास का वातावरण स्वच्छ और साफ सुथरा रहेगा तो बच्चों का मन शाला मे रहकर अध्ययन में लगेगा। शालाओ की साफ सफाई अभियान का डीईओ लालजी द्विवेदी, बीईओ खैरागढ़ नीलम सिंह राजपूत, बीईओ छुईखदान रमेंद्र डड़सेना सहित दोनो ब्लाक के संकुल समन्वयक लगातार मानिटरिंग कर रहे है। शाला परिसर की साफ सफाई मे पंचायत प्रतनिधियो, महिला व बाल विकास विभाग के आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं-सहायिकाओं, जनभागीदारी समिति सदस्यों सहित ग्रामीणों का सहयोग मिल रहा है।

# प्रवेश द्वार से विधायक का फोटो हटा, नाराज कांग्रेसियों ने दी आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

चुनाव आचार संहिता के चलते हटाए फोटो की जगह दूसरे नेता की फोटो लगाने से नाराज कांग्रेसियो ने एडीएम को ज्ञापन सौंपकर जिम्मेदारों पर कारवाई करने की मांग की है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष गजेंद्र ठाकरे, आकाशदीप सिंह, भीखमचंद छाजेड़, नासिर मेमन, रामकुमार पटेल, नीलांबर वर्मा, विजय वर्मा, मोहन वर्मा, समीर कुरैशी, भरत चंद्राकर, दीपक देवांगन सहित अन्य ने एडीएम रमेश पटेल को बताया कि चुनाव पूर्व आचार संहिता के चलते जिले भर के प्रवेश द्वारो मे लगे अन्य नेताओं के फोटो साथ विधायक यशोदा वर्मा के फोटो को कपड़े में ढक दिया गया था, लेकिन आचार संहिता खत्म होने के बाद सिंचाई विभाग द्वारा अपने प्रवेश द्वारों में विधायक के फोटो को दुबारा जगह नही दी गई है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि क्षेत्रीय



विधायक होने के बावजूद यशोदा वर्मा का फोटो हटाने से लोगों में आक्रोश है। उन्होंने एडीएम को बताया कि 22 जून को घिरघोली से पहले राजनांदगांव कवर्धा मेन रोड में सिंचाई विभाग द्वारा सिद्ध बाबा जलाशय की जानकारी देने लगाए प्रवेश द्वार मे पहले पूर्व सीएम, सिंचाई मंत्री के साथ विधायक यशोदा वर्मा का फोटो लगा था, लेकिन अब सीएम साय व मंत्री केदार कश्यप की फोटो लगा दी गई है। प्रोटोकाल तहत क्षेत्रीय विधायक का फोटो प्रवेश द्वार में लगाना आवश्यक है, लेकिन सिंचाई विभाग द्वारा इसकी अनदेखी की गई है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र मे सिंचाई विभाग द्वारा कतिपय नेताओ को खुश करने नई गलत परंपरा की शुरूआत की जा रही है। इसे तत्काल बंद नही किया गया तो कांग्रेस सड़क पर उतरकर आंदोलन करेगी। विधायक का अपमान किसी भी स्थिति मे बर्दाश्त नही किया जाएगा।

### झूरानदी के स्कूलों में नहीं है शिक्षक

कांग्रेस नेता विजय वर्मा ने एडीएम रमेश पटेल को बताया कि ग्राम पंचायत झूरानदी मे प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, हाई और हायर सेकंडरी स्कूलो का संचालन हो रहा है लेकिन बीते कई सालो से इन स्कूलों में स्वीकृत पद अनुसार शिक्षकों की नियुक्ति नही होने से बच्चे पढ़ाई छोड़ रहे है। विजय वर्मा ने बताया कि पूमाशा में स्वीकृत पांच की जगह दो शिक्षक ही बच्चों को अध्ययन अध्यापन करा रहे यही स्थिति हाई हायर सेकंडरी स्कूल की है यहॉ 11 शिक्षक होने चाहिए लेकिन चार ही पदस्थ है। राजनीति, भौतिक, अर्थशास्त्र, हिंदी और कामर्स पढ़ाने शिक्षक नही है। मामले मे एडीएम ने शिक्षा विभाग से चर्चा कर निराकरण का भरोसा दिया है।

### तीन नए कानून के संबंध में दी जानकारी

**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल की उपस्थिति में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में 1 जुलाई से लागू होने वाले नये आपराधिक कानून पर परिचर्चा आयोजित की गई। परिचर्चा में शासकीय एवं निजी संस्थाओं के डॉक्टर्स, व्यापारी संघ के प्रतिनिधि शामिल हुए। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने बताया कि 1 जुलाई से तीन नये आपराधिक कानून लागू हो जाएंगे। इस संबंध में सभी को जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 लागू किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने लागू होने वाले नये कानून के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नये कानून में प्रत्येक प्रकरण के लिए समय-सीमा निर्धारित किया है।

# धरना प्रदर्शन-पुतला दहन आज

- रेत कांड में दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने से कांग्रेस का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला कांग्रेस कमेटी के ग्रामीण जिला अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि ग्राम मुड़पार में शासकीय जब्त रेती लगभग 800 हाईवा करोड़ों रुपए की रेती चोरी व बेचने मामला को लेकर भाजपा सरकार एवं उनके नेताओं के संरक्षण एवं मिलीभगत के कारण दोषियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होने के खिलाफ जिले के सभी ब्लॉक मुख्यालय में कल 26 जून को धरना प्रदर्शन एवं पुतला दहन मुखमंत्री का किया जाना तय किया गया है।

श्री साहू ने कहा कि सभी ब्लॉक प्रभारी अपने-अपने ब्लॉक में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। उन्होंने सभी ब्लॉक अध्यक्षों से अपील की है कि ब्लॉक क्षेत्र के विधायकगण, पूर्व विधायकगण, पूर्व मंत्री, नेता, छाया विधायकगण, स्थाई, विशेष आमंत्रित सदस्य, राजनांदगांव ग्रामीण जिला कांग्रेस क्षेत्र के समस्त प्रदेश कांग्रेस कमेटी पदाधिकारीगण, जिला कांग्रेस कमेटी पदाधिकारीगण, नगर निगम, पालिका, परिषद, पंचायत सभी पदाधिकारी, जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सभापति, सदस्यगण, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल, किसान कांग्रेस, अनुसूचित, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग विभाग, आदिवासी कांग्रेस एवं समस्त प्रकोष्ठ के अध्यक्ष एवं सदस्यगण कार्यकर्ता, सरपंच, पंच, प्रवक्ता, सोशल मीडिया ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारीगण, जोन, सेक्टर, वरिष्ठ कांग्रेसजन, बूथ एवं बूथ के कार्यकर्तागण को सूचित कर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

# अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी भूमिक्षा व अनिशा ने की कलेक्टर से भेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

- हॉकी स्टिक और पुष्प गुच्छ देकर किया सम्मानित

कलेक्टर संजय अग्रवाल से मंगलवार को कलेक्टर कक्ष में 4 नेशंस हॉकी टूर्नामेंट में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करने वाली अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी भूमिक्षा साहू एवं अनिशा साहू ने सौजन्य भेंट की।

कलेक्टर अग्रवाल ने भूमिक्षा और अनिशा को हॉकी स्टिक और पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। उन्होंने भूमिक्षा एवं अनिशा को इस उपलब्धि के लिए शुभकानाएं देते उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कलेक्टर ने कहा कि आगे भी इसी तरह उपलब्धियां हासिल करें और सफलता के नए आयाम स्थापित करें।

उन्होंने कहा कि निश्चित ही इस उपलब्धि से आपने राजनांदगांव जिले के साथ देश और प्रदेश का नाम रौशन किया है। इसके साथ ही शासन-प्रशासन और हॉकी संघ का नाम गौरवान्वित किया। उन्होंने आने वाले अन्य हॉकी खिलाड़ियों को भी प्रेरित और प्रोत्साहित करने कहा।



### भारतीय टीम का किया प्रतिनिधित्व

गौरतलब है कि भूमिक्षा और अनिशा 4 नेशंस हॉकी टूर्नामेंट में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व किया है। 4 नेशंस हॉकी टूर्नामेंट जर्मनी और नीदरलैंड में आयोजित किया गया। भूमिक्षा ने जर्मनी और अनिशा ने नीदरलैंड में 4 नेशंस हॉकी टूर्नामेंट में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व किया। भूमिक्षा और अनिशा बसंतपुर राजनांदगांव की निवासी है। ये दोनों खिलाड़ी डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र स्कूल मैदान में हॉकी खेलना शुरू किया था। इनके कोच अनुराग श्रीवास्तव थे। भूमिक्षा मध्यप्रदेश हॉकी अकादमी ग्वालियर से प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। भूमिक्षा का नेशनल टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा गोल करने का रिकार्ड है, इसके लिए उन्हें जूनियर नेशनल हॉकी प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल मिल चुका है। अनिशा छत्तीसगढ़ हॉकी टीम से खेलते इंडिया टीम में चयनित हुई थी। यह मिड फील्ड में खेलती है। अभी इंडिया कैम्प बेंगलुरू में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। दोनों खिलाड़ियों का लक्ष्य ओलंपिक-2028 में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करने का है। इस अवसर पर अध्यक्ष छत्तीसगढ़ हॉकी संघ फिरोज अंसारी, रणवीजय सिंह, हॉकी कोच अनुराग श्रीवास्तव उपस्थित थे।

जनसंघ के संस्थापक की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम आयोजित

# मुखर्जी के बलिदान को भाजपाइयों ने किया याद



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जनसंघ के संस्थापक डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के पुण्यतिथि पर मंडल भाजपा ने उन्हें याद करते हुए उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित की। डॉ. मुखर्जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण बाद उनके विचार, त्याग और बलिदान पर कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि भारत की आजादी के बाद कांग्रेस और वामपंथियो ने देश के विकास मे भारत की मूल संस्कृति व उसकी अखंडता को बनाए रखने की बजाए तुष्टिकरण को ज्यादा महत्व दिया। यही वजह है कि आजाद भारत की पहली सरकार मे उद्योग मंत्री रहे श्यामाप्रसाद मुखर्जी ने अपने पद से इस्तीफा देकर जनसंघ की स्थापना की। सत्ता त्याग कर देश की एकता, अखंडता और उसके गौरव को अक्षुण्ण बनाए रखने की नीति पर एक नई राजनीति की शुरूआत की और आज उनकी बनाई हुई पार्टी व विचारों से प्रेरित होकर बनी भाजपा देश की सबसे बड़ी पार्टी के रूप मे उनके सपनो को साकार करने की दिशा मे काम कर रही है।

### अलग विधान अलग प्रधान को किया भाजपा ने दूर

जिला पंचायत उपाध्यक्ष व भाजपा प्रदेश के कार्यकारिणी सदस्य विक्रांत सिंह ने कहा कि आजादी बाद प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने भारत का अभिन्न अंग होते हुए भी कश्मीर मे अलग विधान और अलग प्रधान की व्यवस्था कर दी। कश्मीर में राष्ट्रीय ध्वज फहराना तो दूर लगाने का प्रावधान नही था अपितु देश का संविधान भी कश्मीर मे लागू नहीं था, इसका विरोध करने श्यामा प्रसाद मुखर्जी कश्मीर गए, जहां उनकी तबियत खराब हुई और संदिग्ध अवस्था मे उनकी मौत हो गई। उन्होने कश्मीर में 370 व 35 ए को हटाने की मांग की थी जिस पर केंद्र में पूर्ण बहुमत मिलने के बाद भाजपा ने उनके सपनो को पूरा करते हुए कश्मीर से 370 व 35 ए हटाकर कश्मीर को पूर्णरूपेण भारत मे मिला लिया। ये हमारा सौभाग्य है कि हम देश के त्यागी, तपस्वी और बलिदानियों की बनाई पार्टी भाजपा के कार्यकर्ता है। हमे अपने पुरखों के सपनों को साकार करने के लिए भारत को परम वैभव के शिखर तक ले जाने के लिए जीवनपर्यंत काम करना है। जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू ने कहा कि जम्मू काश्मीर मे धारा 370 हटाना डॉ मुखर्जी का सपना था जिसे मोदी सरकार ने पूरा कर सत्तर साल पुराने बदनुमा दाग को मिटा दिया है। श्यामप्रसाद मुखर्जी और भाजपा का एक देश, एक विधान और एक निशान अब सपना नही हकीकत हो गया है। कांग्रेस की गलत नीतियो की वजह से लागू नाजायज कानून के चलते जम्मू काश्मीर मे अलगाववाद, आतंकवाद को बढ़ावा मिला था लेकिन मोदी सरकार ने कानून को सिरे से खत्म कर वहॉ विकास की धारा बहा दी है। इस दौरान जिला महामंत्री रामाधार रजक, भाजयुमो जिलाध्यक्ष आयश सिंह बोनी, ज्ञानदास बंजारे, मंडल अध्यक्ष विनय देवांगन, आलोक श्रीवास, शशांक ताम्रकार, अनुज देवांगन, नरेंद्र श्रीवास, रूपेंद्र रजक, राजेश देवांगन, कीर्ति वर्मा, गिरिजा चंद्राकर, देविन कोठले सहित जिला व मंडल भाजपा पदाधिकारी व बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

# 35 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति

**राजनांदगांव।** जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना अंतर्गत राजनांदगांव विकासखंड के विभिन्न ग्रामों में निर्माण कार्यों के लिए 35 लाख 39 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। इसके अंतर्गत ग्राम खैरा-रवेली में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य के लिए 6 लाख 50 हजार रुपए, ग्राम खुटेरी में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य के लिए 6 लाख 50 हजार रुपए, ग्राम पारीखुर्द में रंगमंच निर्माण कार्य के लिए 3 लाख रुपए, भर्रेगांव में पुलिया निर्माण कार्य के लिए 7 लाख रुपए, ग्राम महराजपुर में रंगमंच निर्माण कार्य के लिए 3 लाख रुपए, ग्राम सोमनी में तालाब सौंदर्यीकरण कार्य के लिए 2 लाख रुपए, ग्राम सुरगी में मुक्तिधाम एवं प्रतीक्षालय शेड निर्माण कार्य के लिए 4 लाख 79 हजार रुपए तथा ग्राम सुकुलदैहान में सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए 2 लाख 60 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

## सार समाचार

### आम बगीचा के पास अवैध रूप से शराब बेचते पकड़ाया



**राजनांदगांव।** गांव में आम बगीचा के पास अवैध रूप से शराब बिक्री करने की सूचना पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। आरोपी से 20 पौवा देशी प्लेन शराब बरामद की गई है।
पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार सुरगी पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत अवैध रूप से शराब बिक्री करने वालों के खिलाफ कार्रवाई अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर ग्राम भंवरमरा आम बगीचा के पास आरोपी रामचंद्र निषाद 32 वर्ष को अवैध रूप से अधिक मात्रा में शराब रखकर बिक्री करने के आरोप में पकड़ा। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 20 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 1800 रुपए एवं शराब बिक्री की रकम 270 रुपए को जब्त कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है।

## पृष्ठ 9 का शेष

### रेत कांड पर...

जब तक कार्रवाई नहीं होगी, हम चुप नहीं बैठेंगे। जिले के सभी ब्लॉकों में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का पुतला दहन करेंगे। ग्राम मुड़पार के रेती चोरी में संलिप्त एसडीएम उमेश पटेल, नायब तहसीलदार विजय साहू, ट्रांसपोर्टर प्रतीक अग्रवाल, लेखराम साहू के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कर दंडात्मक कार्रवाई करने की मांग की गई।
**कांग्रेस नेताओं की रही उपस्थिति-** कांग्रेस के एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू, विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, कांग्रेस नेता नवाज खान, जिला जनपद सदस्य महेंद्र यादव, प्रभा साहू, नगर पालिका अध्यक्ष सुदेश मेश्राम, जनपद अध्यक्ष भावेश सिंह, नरेंद्र वर्मा, शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजयराज सिंह, ग्रामीण अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, हीरा सोनी, धीरज मेश्राम, संदीप गहरवाल, प्रमोद टेंभूर्णीकर, हरीश भंडारी, प्रीति वैष्णव सहित भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### प्रशासन की जांच में...

निर्देश दिए थे, लेकिन उन्होंने रेत को बेच दिया। रेत को बेचे जाने की जानकारी मिलने के बाद खनिज विभाग ने सप्लायरों से डेढ़ लाख रुपए की राशि जमा कराई थी। सप्लायरों द्वारा रायल्टी से 25 फीसदी ज्यादा की राशि जमा की गई है। मामले की जांच प्रक्रिया पूरी होने के बाद कलेक्टर संजय अग्रवाल ने खनिज महकमे में सप्लायरों द्वारा जमा की गई राशि को कम मानते 59 हाईवा रेत के परिवहन पर छह लाख 24 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। प्रशासनिक सूत्रों ने बताया कि यह राशि पहले जमा की गई डेढ़ लाख रुपए से अलावा वसूल की जाएगी।

### शाला प्रवेशोत्सव प्रारंभ, स्कूल, आश्रम-छात्रावास की करें जांच

# अधिकारी फील्ड में जाकर योजनाओं के क्रियान्वयन का करें निरीक्षण : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि शाला प्रवेशोत्सव कल 26 जून से प्रारंभ हो रहे हैं। शाला प्रवेशोत्सव को ध्यान में रखते सभी अधिकारी स्कूल, आश्रम-छात्रावास का निरीक्षण करेंगे। उन्होंने शिक्षा का अधिकार, गणवेश, पाठ्यपुस्तक के संबंध में जानकारी ली तथा स्कूलों में न्योता भोजन भी प्रारंभ करने कहा। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी फील्ड में जाकर गंभीर कुपोषित बच्चों के लिए चलाए जा रहे पोट्ठ लईका अभियान, जल संरक्षण, पौधरोपण, फसल परिवर्तन के संबंध में लोगों को जागरूक करेंगे तथा शासन की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में निरीक्षण करेंगे।

उन्होंने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, आंगनबाड़ी केन्द्र, स्कूल एवं अन्य संस्थान का निरीक्षण करेंगे। विकासखंड स्तर पर शिविर के आयोजन के साथ ही राजस्व शिविर भी आयोजित रहे। शिविर में आय-जाति-निवास प्रमाण पत्र, नामांकन, सीमांकन, बंटवारा के प्रकरणों का निराकरण करने कहा, जिन क्षेत्रों में राजस्व शिविर लगाए जाएंगे, वहां पहले से ही ग्रामवासियों को सूचना देने मुनादी कराने कहा। कलेक्टर ने कहा कि 3 जुलाई को जिले में सघन पौधरोपण किया जाएगा। इसके लिए सभी विभागों को आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिए। फलदार एवं छायादार पौधे व्यापक पैमाने पर लगाए जाएंगे। वन, कृषि, उद्यानिकी, उद्योग, खनिज विभाग, कृषि विज्ञान केन्द्र सहित सभी विभाग समन्वय करते कार्य करेंगे। वन, कृषि, उद्यानिकी विभाग नर्सरी से मांग के अनुरूप संस्थानों को पौधे उपलब्ध कराएंगे। कटहल, अमरूद, नींबू, आम, इमली जैसे फलदार पौधों के साथ मुनगा एवं छायादार पौधे लगाना है। अपने क्षेत्रों में पौधरोपण के लिए सभी जिम्मेदारी लें। उक्त बातें कलेक्टर संजय अग्रवाल ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में कही।



#### नए कानून के बारे में दी जानकारी

कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि अधिकारियों को एक जुलाई से लागू हो रहे तीन नए कानून भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 की जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता दीदीयों द्वारा डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण एवं कचरा प्रबंधन, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट के कार्य जारी रहना चाहिए। सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के लिए कार्य करने की आवश्यकता है। लोहा, कांच, पेपर, बायोवेस्ट मटेरियल से स्वच्छता दीदीयों को आय होती है। डीएमएफ अंतर्गत स्वच्छता दीदीयों के लिए गोदाम का निर्माण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समूह की महिलाओं की आय बढ़ाने की जरूरत है। इसके लिए एक स्थायी व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता के कार्य पर ध्यान केन्द्रित करते कार्य करने की आवश्यकता है।

कलेक्टर ने कहा कि जिले में खाद-बीज की कमी नहीं होना चाहिए। विगत वर्ष की तुलना में इस वर्ष खाद-बीज का उठाव किसानों ने अधिक मात्रा में किया है। किसानों के पास गुणवत्तापूर्ण खाद एवं बीज होना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत आधार सिडिंग के लिए ई-केवाईसी शेष रह गए हैं, 1867 लंबित प्रकरणों को अभियान चलाकर पूरा करने की आवश्यकता है। किसानों को शासन की योजना का लाभ अधिक से अधिक मिलना चाहिए।

उन्होंने कहा कि नगर निगम, सीएमओ, पशुपालन विभाग बारिश को ध्यान में रखते यह सुनिश्चित करें कि पशु सड़क पर न बैठे, इसके लिए वैकल्पिक व्यवस्था करें तथा पशु मालिक पर जुर्माना लगाने की कार्रवाई करें। उन्होंने डीएमएफ अंतर्गत लोकहित में अच्छे प्रस्ताव भेजने कहा। कलेक्टर ने कहा कि सांकरदाहरा को पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित किया जाना है। उन्होंने एजुकेशन हब, बूढ़ासागर एवं रानीसागर की साफ-सफाई, पीडीएस दुकानों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि 1 से 31 जुलाई तक डायरिया बीमारी से बचाव के लिए पखवाड़े का आयोजन किया जाएगा।

जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने कहा कि जल शक्ति अभियान अंतर्गत कृषि, उद्यानिकी, कृषि विज्ञान केन्द्र एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को जल संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी ऑनलाईन अपडेट करना है। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत व्यवस्थित कालोनी निर्माण के लिए सभी को कार्य करना है। जिसमें गार्डन, पानी की निकासी एवं अन्य व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वप्रेरित होकर भी सभी पौधरोपण करें। उन्होंने सॉलिड एवं लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट तथा प्लास्टिक संग्रहण के संबंध में जानकारी दी।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, संयुक्त कलेक्टर खेमलाल वर्मा, एसडीएम राजनांदगांव अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम डोंगरगांव मनोज मरकाम, एसडीएम डोंगरगढ़ उमेश पटेल

#### समय पर मिले प्रमाण पत्र

कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि लोक सेवा केन्द्र में लोक सेवा गारंटी योजना के तहत इस बात पर ध्यान देने की आवश्यकता है कि लोगों को समय पर आय-जाति-निवास प्रमाण पत्र एवं नक्शे प्राप्त हो जाए। उन्होंने कहा कि 5 डिसमिल से ज्यादा भूमि होने पर नक्शों का बटांकन करना है। राजस्व निरीक्षक ग्रामवार इसके लिए मानिटरिंग करें। श्रम विभाग अंतर्गत शासन की योजनाओं का लाभ मनरेगा के मजदूरों को दिलाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि मोबाईल एप के माध्यम से भी मजदूर अपना पंजीयन कर सकते हैं। श्रम विभाग योजना अंतर्गत भगिनी प्रसूता योजना अंतर्गत महिला श्रमिकों के लिए तथा विशेष कोचिंग सुविधा अंतर्गत श्रमिकों के बच्चों के शिक्षा के लिए प्रावधान किए गए हैं। उनको इसका अधिक से अधिक लाभ मिलना चाहिए।

## मासूम को पुलिस ने मां से मिलाया

- कथा पंडाल से गुम हुआ था मासूम, पुलिस ने खोजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई

शिव महापुराण कथा के दौरान डेढ़ वर्षीय मासूम कथा पंडाल से गुम हो गया था। जिसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने मासूम की खोजबीन कर उसे सकुशल उसकी मां से मिलाया। जिससे मां और बच्चे के चेहरे खुशियों से खिल उठे। पुलिस सूत्रों के अनुसार गंडई नगर में चल रहे शिव महापुराण कथा में 24 जून को कथा सुनने आई निधि ठाकुर पति संतोष ठाकुर ग्राम केहका चरभठ्ठी थाना साजा जिला बेमेतरा ने थाना में सूचना दिया कि उसका बच्चा राघव ठाकुर पिता संतोष ठाकुर उम्र डेढ़ वर्ष साकिन केहका चरभठ्ठी को साथ में लेकर कथा सुनने आई हुई थी, जो कथा पंडाल से कहीं गुम हो गया है, नहीं मिल रहा है।

#### पुलिस टीम गठित

इस सूचना पर एवं प्रकरण छोटे बच्चा से संबंधित होने से पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेहा पांडेय के निर्देशन में निरीक्षक भीमसेन यादव एवं सायबर सेल प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक टैलेश सिंह के नेतृत्व में थाना स्टॉफ एवं सायबर टीम द्वारा गुम बच्चे की पता तलाश खोजबीन हेतु टीम तैयार किया गया।

#### मां को किया सुपुर्द

गुम बच्चा के मिलने संभावित स्थानों पर अलग-अलग पुलिस टीम रवाना की गई। टीम द्वारा उत्कृष्ट पुलिसिंग एवं कार्यशैली का परिचय देते कथा पंडाल के आसपास एवं गंडई से पंडरिया रोड पर आने-जाने वालों से पूछताछ कर नाबालिग बच्चा राघव ठाकुर पिता संतोष ठाकुर उम्र डेढ़ वर्ष साकिन केहका चरभठ्ठी का पता तलाश कर थाना गंडई में लाकर उसकी मां निधि ठाकुर के सुपुर्द में दिया गया है।

# पांचवीं जूनियर हॉकी बालक-बालिका राज्य स्तरीय हॉकी स्पर्धा का शुभारंभ

- बालक वर्ग में हॉकी धमतरी, रायगढ, कबीरधाम और जांजगीर चांपा विजयी

**राजनांदगांव।** हॉकी छत्तीसगढ़ व जिला हॉकी संघ राजनांदगांव के संयुक्त तत्वावधान में जूनियर वर्ग की राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता का शुभारंभ महापौर हेमा देशमुख के मुख्य आतिथ्य व अध्यक्षता समाजसेवी रूबीना अंजुम अल्वी ने की। इस दौरान छग हॉकी अध्यक्ष फिरोज अंसारी, छग हॉकी संघ की कोषाध्यक्ष आशा थॉमस, नीलम जैन, शिवनारायण धकेता, भूषण साव, गणेश प्रसाद शर्मा, रामअवतार जोशी, रणविजय प्रताप सिंह, महेन्द्र ठाकुर, मृणाल चौबे, अनिशा साहू, अनुराज श्रीवास्तव एवं अन्य वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी व सदस्यों की उपस्थिति रही।

इस अवसर पर महापौर श्रीमती देशमुख ने कहा कि गौरव कि बात है कि राजनांदगांव खेल के लिए प्रसिद्ध है। हॉकी यहां का मुख्य खेल है, जो देशभर में जाना व खेला जाता है। दृढ़ इच्छा शक्ति होने से बड़े से बड़े कार्य भी सफलता प्राप्त करते हैं। राजनांदगांव हमेशा हॉकी के क्षेत्र में अग्रणी रहा है। यहां अन्य खेलों को भी महत्व मिलता है।

अध्यक्षता करते समाजसेवी रूबीना अंजुम अल्वी ने कहा कि इस तरह के आयोजन से दुरूस्त क्षेत्रों में भी हॉकी को बढ़ावा मिल रहा है। जिससे प्रतिभाओं को आगे आने का मौका मिलेगा। इस स्पर्धा से चयनित खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। स्वागत भाषण देते छत्तीसगढ़ हॉकी अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने कहा कि सभी खिलाड़ी अपने खेल भावना का परिचय देते उत्कृष्ट प्रदर्शन कर आगे बढ़ें। स्थानीय अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम में 5वीं जूनियर बालक-बालिकाओं की हॉकी प्रतियोगिता का शुभारंभ मंगलवार को हुआ, जो 28 जून तक आयोजित होगा। स्पर्धा के पहले दिन बालिका वर्ग में सुबह से खेले गए मैच में हॉकी रायगढ़ ने स्पोटर्स हॉकी अकादमी रायपुर को 4-1 गोल से पराजित किया। दूसरे मैच में हॉकी दुर्ग ने जांजगीर चांपा को 4-0 गोल से पराजित किया। तीसरे मैच में हॉकी बिलासपुर ने हॉकी बेमेतरा को 21-0 गोल से पराजित किया।

अपरान्ह में खेले गए बालक वर्ग में पहला मैच हॉकी धमतरी विरूद्ध हॉकी बिलासपुर के मध्य खेला गया। हॉकी धमतरी ने 11-0 गोल से पराजित कर अगले दौर में प्रवेश किया। दूसरे मैच में हॉकी कबीरधाम ने हॉकी बेमेतरा को 3-1 गोल से पराजित किया। तीसरे मैच में हॉकी रायगढ़ ने हॉकी दंतेवाडा को 7-0 गोल से पराजित किया। चौथा व उद्घाटन मैच जांजगीर चांपा विरूद्ध महासमुद के मध्य खेला गया। यह मैच जांजगीर चांपा ने 2-1 गोल से जीत दर्ज की।



#### आज के मैच

बालिका वर्ग में आज हॉकी राजनांदगांव विरूद्ध हॉकी कबीरधाम के मध्य सुबह 8.30 बजे, सांई राजनांदगांव विरूद्ध हॉकी दुर्ग के मध्य 9.45 बजे एवं बालक वर्ग में हॉकी राजनांदगांव विरूद्ध हॉकी जांजगीर चांपा 11.45 बजे, हॉकी दुर्ग विरूद्ध हॉकी धमतरी के मध्य 2 बजे, हॉकी जशपुर विरूद्ध हॉकी कबीरधाम के मध्य 3.15 बजे, स्पोटर्स हॉकी अकादमी विरूद्ध हॉकी रायगढ 4.30 बजे से खेला जाएगा।

## गांव से तीन नाबालिग लापता

**राजनांदगांव।** गांव से तीन नाबालिग घर से किसी को बिना बताए कहीं चले गए। जिसकी सूचना पुलिस को दी गई है। पुलिस सरगर्मी से बच्चों की तलाश कर रही है। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में नाबालिग अपने नानी के यहां आया हुआ था, जो गांव के दो अन्य नाबालिग साथी के साथ गत दिवस से लापता है।

परिजनों ने बच्चों को खोजने का प्रयास किया, लेकिन जब बच्चों का पता नहीं चला तो इसकी सूचना थाना में दी गई।

पुलिस के अनुसार अन्य गांव से अपनी नानी के यहां आया हुआ नाबालिग अपनी नानी से 2500 रुपए मांगा था। बच्चों को एक होटल में नाश्ता करते हुए भी देखा गया है। पुलिस बच्चों की तलाश सरगर्मी से कर रही है। वहीं सीसीटीवी फुटेज भी खंगाला जा रहा है।

# संविधान की बलि लेने वाली की निंदा करें राहुलः यादव

**राजनांदगांव।** पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने देश पर जबरन थोपी गई इमरजेंसी को याद करते कहा कि आज आपातकाल की 49वीं वर्षगांठ है। यह भारत देश के लिए एक काला दिवस था। जिसके तहत तब की केन्द्र में सत्तारूढ़ कांग्रेस सरकार ने सभी लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन कर सरकार का नियंत्रण अपने हाथों में ले लिया था।

उन्होंने कहा कि भारत में सबसे बड़ा आपातकाल 25 जून 1975 की आधी रात को तत्कालीन राष्ट्रपति फखरूद्दीन अली अहमद ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कहने पर लगाया था, जो 21 मार्च 1977 तक लागू रहा, तब देश में आपातकाल लागू करने का कारण यह था कि इलाहाबाद हाईकोर्ट के एक फैसले के आधार पर इंदिरा गांधी के लोकसभा निर्वाचन को अमान्य करार देते उन्हें 6 साल तक संसदीय कार्यों से निषेधित कर दिया गया था। उस समय देश में इमरजेंसी लागू कर सरकार ने शक्ति का दुरूपयोग करते मीडिया पर प्रतिबंध लगाया गया और सभी विपक्षी नेताओं को जेल में डाल दिया गया।




उन्होंने सवाल उठाते कहा कि आज राहुल गांधी संविधान की किताब हाथ में लहराकर संविधान की रक्षा करने की बात कर रहे हैं तो क्या वो अपने पार्टी एवं नेताओं की गलती स्वीकार करते देश में इमरजेंसी लागू कर संविधान की आत्मा पर प्रहार करने वालों की निंदा करेंगे? यह घोर आश्चर्य का विषय है कि एकतरफ कांग्रेस के नेता देश में आपातकाल लागू कर संविधान की हत्या करते हैं और दूसरी ओर कैसे यह भ्रम फैला रहे है कि वर्तमान सरकार संविधान बदल देगी। जबकि प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट कर दिया है कि संविधान परिवर्तन या आरक्षण समाप्त करने का प्रश्न ही नहीं उठता है, इसके बाद कांग्रेस पार्टी क्यों विधवा विलाप कर रही है।

# जबलपुर वालों का दो दिवसीय कुंडली विश्लेषण शिविर 6 से

**राजनांदगांव।** सेवाभावी संस्था बाल रत्न मंच सेवा समिति के उपाध्यक्ष संदेश जैन एवं सचिव सौरभ खंडेलवाल ने बताया की बाल रत्न मंच सेवा समिति द्वारा विगत दिनों संस्था की बैठक आयोजित की गई। जिसमें शहर में पहली बार दो दिवसीय निःशुल्क कुंडली विश्लेषण शिविर का आयोजन आगामी 6 एवं 7 जुलाई को आयोजित किया जा रहा है।

राहुल अग्रवाल, मयंक कृष्णा शर्मा के मार्गदर्शन में ज्योतिषाचार्य पं. विनोद कुमार दुबे जबलपुर वालों का आयोजन 6 एवं 7 जुलाई को अग्रसेन भवन में आयोजित किया जा रहा है। इस आयोजन में विभिन्न राज्यों के भक्त भी शामिल होंगे। उपरोक्त जानकारी आयोजन समिति के उपाध्यक्ष रितेश यादव एवं सचिव खंडेलवाल ने दी।




# कांग्रेस के डीएनए में लोकतंत्र का सम्मान नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कांग्रेस द्वारा देश में 1975 में लगाए गए आपातकाल के षड्यंत्र को जन-जन तक पहुंचाने प्रदेश भाजपा के आह्वान पर प्रत्येक जिलों में आपातकाल स्मृति दिवस के रूप में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल ने बताया कि आज दोपहर को जिला भाजपा कार्यालय में आहुत विचार गोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में शिवरतन शर्मा ने अपने उद्गार व्यक्त किए।

भाजपा मीडिया सेल के अनुसार भाटापारा के पूर्व विधायक एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा सत्ता बरकरार रखने संवैधानिक तरीकों का इस्तेमाल करने का इतिहास रहा है। उन्होंने कांग्रेस के इतिहास के 21 माह पर प्रकाश डालते बताया कि 1971 के चुनाव में इंदिरा गांधी के भ्रष्ट प्रयासों के आधार पर चुनाव परिणाम को इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा रद्द कर दिया गया था। प्रति उत्तर में 25 जून 1975 की आधी रात में मंत्रिपरिषद को सूचित किए बिना राष्ट्रपति को आपातकाल की घोषणा पर हस्ताक्षर करने मजबूर किया गया। अटल बिहारी वाजपेयी, राजनाथ सिंह, जेपी नारायण जैसे विपक्षी नेताओं को तुरंत जेल में डाल दिया गया, कुल मिलाकर 14 लाख लोगों को गिरफ्तार किया गया। जिसमें 22 लोगों की हिरासत में मौत हो गई। उन्होंने बताया कि ताशकंद में शास्त्री की मृत्यु के बाद गुलजारीलाल नंदा के बाद इंदिरा गांधी प्रधानमंत्री बनी।



शर्मा ने कार्यकर्ताओं को बताया कि काले इतिहास की पहली सुबह समाचार पत्रों के प्रकाशन को रोकने के लिए दिल्ली के सभी हिस्सों में बिजली बंद कर दी गई। इस दौरान चुनावी मामलों में राय लिखने या समाचार प्रकाशित करने पर प्रतिबंध लगा दिया गया। कई पत्रकारों को सच्चाई लिखने पर मार दिया गया। उन्होंने बताया कि संपन्न लोकसभा चुनाव में कांग्रेस द्वारा झूठा प्रचार किया गया और डर का माहौल बनाया गया कि यह चुनाव आखिरी चुनाव होगा। मोदी आगे चुनाव नहीं होने देंगे और यह भी दुष्प्रचार किया गया। भाजपा संविधान बदल देगी, परंतु संविधान को बदलने का कार्य आपातकाल में कांग्रेस ने किया था। मीसा हिरासत मामले में प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों को लागू करने में अदालत को रोकने मीसा में संशोधन किया गया।

विचार गोष्ठी के पश्चात जिले में निवासरत मीसा बंदियों एवं उनके परिजनों का जिला भाजपा द्वारा सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें अंबिका तिवारी स्व. मदन तिवारी, छाया गुप्ता स्व. काशी प्रसाद गुप्ता, इंद्रजीत सिंह भाटिया, बसंतलता स्व. रामकृष्ण निर्वाणी, कुलवंत सिंह कक्कड़, सुल्तान बेन, स्व. बच्चू भाई उदयनी, शारदा रानी छाबड़ा, ज्ञान सिंह छाबड़ा, गुरचरण कौर स्व. हरमहेंद्र सिंह, प्रभाकर राव गिरधर, स्व. गंगाधर चौधरी मुरलीधर चौधरी का सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री रविंद्र वैष्णव एवं आभार प्रदर्शन सावन वर्मा ने किया।

इस अवसर पर रमेश पटेल, सचिन बघेल, नीलू शर्मा, विनोद खांडेकर, खेदूराम साहू, सुरेंद्र सिंह बन्नोवाना, शशिकांत द्विवेदी, सावन वर्मा, राजेश श्यामकर, अशोक देवांगन, तरुण लहरवानी, अतुल रायजादा, रोहित चंद्राकर, आलोक बिंदल, नरेश बैद, पूर्णिमा साहू, किरण साहू, शिव वर्मा, रघुवीर वाधवा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।






## खबर संक्षेप

### शिक्षिका विधि तिवारी के शोध पत्र पब्लिश हुए यूनिवर्सिटी में

**कवर्धा।** शिक्षिका विधि तिवारी अपने कार्य को लेकर हमेशा से नवाचार की ओर अग्रसर रहती है, इसी वजह से उन्होंने अपने ट्रेनिंग मीडब्रेन एक्टिवेशन को गर्मी की छुट्टियों में बिलासपुर में भी दिया। उसके बाद उन्होंने अपने मीडब्रेन एक्टिवेशन ट्रेनिंग को रायपुर में भी दिया और उसके बाद अब वह अपने शोध पत्र पर जो उन्होंने सेमिनार राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय में हुआ था वह दो यूनिवर्सिटी में प्रकाशित हुआ है। जिसमें पहले मदुरई तमिलनाडु यूनिवर्सिटी में एवं राजस्थान कोटा में उनके शोध पत्र को स्थान मिला एवं इसके साथ-साथ उनको काफी अच्छा लगा कि उनके कार्य को महत्व देते हुए उनके ट्रेनिंग को आगे बढ़ते हुए देखना और उनका यही एक विचार है कि वह बहुत जल्द इसको पायलट प्रोजेक्ट की तरह सक्सेस होने के बाद उसे बहुत जल्द आगे अच्छा परिणाम देखने को मिलेगा। शिक्षिका विधि तिवारी इसके पूर्व गर्मी की छुट्टियों में ट्रेनिंग दे चुकी है, जिसमें उन्होंने निःशुल्क ट्रेनिंग दिया हुआ था वत्सला एनजीओं ग्रुप के साथ मिलकर और इस सत्र भी उन्होंने रायपुर, बिलासपुर और अपने स्कूल में भी उन्होंने अपनी यह ट्रेनिंग दी।



### यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वाले के खिलाफ की गई चलानी कार्रवाई



**कवर्धा।** विगत दिनों मीडिया और सोसल मीडिया के माध्यम से पुलिस को एक वीडियो प्राप्त हुआ, वीडियो को पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव ने तत्काल संज्ञान में लिया व यातायात प्रभारी को तत्काल कार्यवाही के लिए निर्देशित किया। यातायात प्रभारी प्रवीण खलखो ने बताया कि विगत दिनों सोसल मीडिया में एक वीडियो प्राप्त हुआ। प्राप्त वीडियो में एक दोपहिया वाहन में 6 लोग सवार थे। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विकास कुमार, पुष्पेन्द्र बघेल के निर्देश पर परिवहन विभाग के माध्यम से वाहन मालिक का पतासाजी किया गया और वाहन मालिक के घर नोटिस तामील किया गया। उन्होंने बताया कि वाहन मालिक के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चलानी कार्यवाही किया गया। यातायात पुलिस नें वाहन चालक को आगे ऐसी गलती ना करने समझाईश दिया गया।

### आषाढ़ लगते ही क्षेत्र में त्यौहार मनाने लगा



**कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम कोलेगांव, कंझेटा, मोहतरा कला, घोरपेंड्री सहित आसपास क्षेत्र में परंपरा रीति-रिवाज के अनुसार आषाढ़ लगते ही मंगलवार व शनिवार को त्योहार मनाया जाता है, गांव में सुख-शांति व समृद्धि बने रहे। इसलिए गांव के गोठान में विधि-विधान से पूजा-अर्चना साथ हीसाथ गांव के कुल देवी-देवताओं को मानते हैं एवं गौ माता की विशेष पूजा-अर्चना किया गया।

### खाने की वस्तुएं बनाने के लिए मिलेगा 10 लाख तक का अनुदान

**कवर्धा।** केंद्र सरकार द्वारा आत्मनिर्भर भारत अभियान अंतर्गत खाने की वस्तुएं बनाने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) संचालित है। योजना अंतर्गत वर्ष 2024-25 के लिए जिले में 75 हितग्राहियों को लाभान्वित करने का भौतिक लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक ने बताया कि योजना अंतर्गत खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में कार्यरत व कार्य करने के इच्छुक व्यक्ति योजना का लाभ ले सकते है, जिसमें परियोजना लागत का 35 प्रतिशत अधिकतम 10 लाख रूपए अनुदान प्रदान की जाएगी। योजना अंतर्गत आवेदन ऑनलाईन पीएमएफएमई के पोर्टल में करना होगा जिसमें फोटो, आधार कार्ड, पेन कार्ड, बैंक पास बुक व अन्य आवश्यक दस्तावेज अपलोड करना होगा।

महाप्रबंधक ने बताया कि व्यक्तिगत तथा स्वयं सहायता समूह दोनों को योजना में अनुदान मिलेगा तथा गुड उद्योग, राईस मिल, कोदो मिल, मसाला उद्योग, आटा चक्की, पोहा मिल, बेसन निर्माण, नमकीन मिक्चर निर्माण, पापड़ निर्माण, बेकरी, टमाटर सॉस, चिप्स, पापड़ी, रेवड़ी, ब्रेड, मिठाई, गुपचुप, लड्डू रेडी टू ईट निर्माण जैसे सभी तरह के खाने की वस्तुएँ बनाने वाले उद्यमी इस योजना का लाभ ले सकते है। अधिक जानकारी के लिए जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र कबीरधाम में संपर्क कर सकते है।

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

**अनदेखी:** उद्यान परिसर की प्रतिमाएं खंडित हुईं, कुर्सियां टूटी व बच्चों के खेलकूद के समान जर्जर

# देखरेख के अभाव में भोरमदेव मंदिर परिसर का उद्यान कबाड़ में तब्दील

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजानवागांव/बरबसपुर

जिले के ऐतिहासिक पुरात्तव महत्व के पर्यटन स्थल भोरमदेव मंदिर परिसर में बना उद्यान वर्तमान स्थिती में देखरेख के आभाव में पूरी तरह से जर्जर व बदहाल हो चुका है। उद्यान परिषर सही तरीके से देखरेख न होने से ये कबाड़ में तब्दील हो चुका है। पर्यटन स्थल भोरमदेव मंदिर में दर्शन करने आने वाले लोगों को मायूस होना पड़ता है।

छत्तीसगढ़ के खजुराहो के नाम से प्रसिद्ध भोरमदेव शिव मंदिर परिसर में लाखों रुपए खर्च कर बेहतरीन उद्यान बनाया गया। मिली जानकारी के अनुसार जहां दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को शिव मंदिर में दर्शन करने के बाद कुछ समय के लिए उद्यान में बैठकर शांति व सुकून का अहसास होता है। साथ ही बच्चे कुछ समय के लिए यहां खेलते-कुदते थे, जिनके लिए झूला, घिसलपट्टी सहित अन्य संसाधन उपलब्ध थे।

लेकिन जिम्मेदारों की अनदेखी व देखरेख के अभाव में यह सब गुजरे जमाने की बात हो गई है। कुर्सियां टूट-फूट गई है, जिससे यहां पहुंचने वाले लोगों को काफी असुविधा होती है। सौंदर्यीकरण के तहत बनाए गए प्रतिमाएं और अन्य कलाकृति पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुके हैं साथ ही साथ आकर्षक फौव्वारे पाइप लगे हैं जो बंद पड़े हैं। इस पर जिला प्रशासन को ध्यान देने की आवश्यकता है।





**सावन में बढ़ेगी भक्तजनों व पर्यटकों की भीड़**

भोरमदेव मंदिर में सालभर श्रद्धालाओं और पर्यटक यहां पहुंचते हैं, जो दर्शन कर बाकी समय परिवार के साथ बिताना चाहते हैं, लेकिन उनके पास ऐसी कोई जगह नहीं है। चारों ओर तरफ जंगल से घिरा हुआ यह क्षेत्र है। लोगों के लिए दूसरा कोई पर्यटन क्षेत्र भी नहीं है, जो यहां से वहां या आसपास घूम सकें। ऐसे में लोग यहां ज्यादा समय रूकने के बजाया, दर्शन के बाद तुरंत निकलना चाहते हैं। जिम्मेदारों व शासन प्रशासन को इस दिशा में ध्यान देने की जरूरत है ताकि आने वाले सावन माह में पूरे दो माह तक ज्यादा संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचेगे। वहीं 22 जुलाई विशाल पदयात्रा भी है ऐसे में प्रशासन व जिम्मेदारों को समय रहते साफ-सफाई साथ ही साथ सुधार व मरम्मत करने की जरूरत है।

# बिजली केबल तार जमीन छू रहा विभागीय अधिकारी बेपरवाह

## ग्रामीणों की बढ़ी समस्या, जन हानि की आशंका

- विभागीय अधिकारियों व जिम्मेदारों को ध्यान देने की जरूरत।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले दिनों हुई झमाझम बारिश व आंधी तुफान सें विद्युत वितरण विभागीय अधिकारियों की पोल खुल रहीं है। मिली जानकारी के अनुसार बिजली केबल तार जमीन छू रहें है, जिससे बिजली केबल तार सें जन हानि की संभावना बनी हुई है। जिसे देखते हुए ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों को बिजली केबल तार को दुरुस्त करने की मांग की गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र में मेंटनेंस के नाम पर बिजली जरूर बंदकर दिया जाता है लेकिन स्थिति तस के तस बनी हुई है। कवर्धा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम बरबसपुर स्थित सतनामी पारा, हाई स्कूल जाने वाले मार्ग किनारे पर हाई टेंशन केबल तार जमीन छू रही है लेकिन विभागीय अधिकारियों की अनदेखी व लापरवाही



सामना आ रहा है। जिस पर ग्रामीणों ने जल्द से जल्द दुरूस्त कराने की मांग की गई।

## कक्षा 10वी,12वीं के छात्र-छात्राओं का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶पंडरिया

पंडरिया ब्लॉक अंतर्गत प्रतापगढ़-कामठी में रानी दुर्गावती बलिदान दिवस धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया साथ ही साथ पौधरोपण किया गया। वनांचल क्षेत्र के सभी हाई स्कूल कक्षा 10वीं व 12वीं के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इसमें कोदवा-गोडान हाई स्कूल, कामठी स्कूल, पोलमी स्कूल, कुकदूर स्कूल व नेऊर स्कूल के सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। जिस पर अशोक मरावी द्वारा सर्वाधिक अंक लाने वाले छात्र छात्राओं को डायरी, पेन व फाइल दिया गया। साथ ही अशोक मरावी ने सभी विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि आप सभी छात्र छात्राएं इसी तरह मेहनत कर स्कूल, अपने गुरुजनों व अपने माता-पिता का नाम रोशन करते रहें। इस कार्यक्रम में आदर्श प्रतापगढ़, कामठी एवं कर्मचारी संघ के समस्त सदस्य व ग्रामीण जन उपस्थित थें।

## स्किल इंडिया योजना अंतर्गत महिलाएं हो रही आत्मनिर्भर



हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

एसुराईज कॉलेज ऑफ एजुकेशन एंड मैनेजमेंट द्वारा स्किल इंडिया योजना अंतर्गत स्वरोजगार हेतु निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है, सिर्फ पंजीयन शुल्क की लागत पर युवक-युवतियों को प्रशिक्षण मिल रहा है। जिसमें ग्राम पंचायत दामापुर बाजार में उक्त प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

जिसमें दामापुर क्षेत्र के लगभग 15-20 गांव की छात्र-छात्राएं लाभाविंत हुए। प्रशिक्षक अनिल कुर्रे ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के युवक-युवतियों व महिलाओं को दो महीने का सिलाई एवं कम्प्युटर कोर्स का प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें लगभग 400 के आसपास छात्र छात्राओं को इसका लाभ मिला। जनपद सदस्य व सभापति अश्वनी यदु ने कहा कि स्किल डेवलपमेंट जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिवन में जिसके पास हुनर है उनको आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता, एसुराईज कॉलेज ऑफ एजुकेशन एंड मैनेजमेंट द्वारा स्किल इंडिया योजना के तहत जो प्रशिक्षण दिया गया,जो तारीफ के काबिल है ऐसे प्रशिक्षण लगातार होते रहना चाहिए, ताकि जरूरत मंद युवाओं को जीवन-यापन हेतु एक मार्ग मिल सके।

वहीं अतिथियों द्वारा बेहतर प्रदर्शन करने पर मेडल व प्रतिष्ठा पत्र देकर सम्मानित किया गया साथ ही साथ कम्प्यूटर में प्रथम स्थान पर वासु, द्वितीय चंचल तथा तृतीय स्थान पुष्पांजलि रही वहीं सिलाई में प्रथम अरुणा साहू, द्वितीय प्रिंसी बंजारे तथा तृतीय स्थान शशि घृतलहरे रही। इस कार्यक्रम में योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

## पेंशन कटौती 2012 से पर लाभ 2018 से, ये कैसी नीति? शिवेन्द्र

**कवर्धा।** शालेय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष शिवेंद्र चंद्रवंशी ने बताया कि वित्त विभाग छग शासन द्वारा जारी आदेश के तहत संविलियन प्राप्त शिक्षकों पुरानी पेंशन व समस्त हितलाभ संविलियन वर्ष से दिए जाने की बात कही है। साथ ही सेवानिवृत्ति के समय, संविलियन वर्ष से पुरानी पेंशन लागू तिथि तक के शासकीय अंशदान मयब्याज जमा करने पर ही उनको पेंशन अधिकार पत्र दिया जाएगा, ऐसा उल्लेख इस पत्र में किया गया है। जिससे समस्त संविलियन प्राप्त शिक्षकों में गहरा आक्रोश है, क्योंकि इस आदेश से समस्त संविलियन प्राप्त शिक्षकों की वर्षो की सेवा शून्य हो जा रही है, 2012 से पेंशन के योग्य मानकर हमारी पेंशन की कटौती भी की जा रही थी, उसे भी धता-बता 2018 से पुरानी पेंशन की लाभ देने की बात कही गई है जो कि प्रदेश के 2 लाख संविलियन प्राप्त शिक्षकों के साथ घोर अन्याय है। जिस पर शालेय शिक्षक संघ नें शासन प्रशासन से मांग किया कि आपने ही हमारी पूर्व की सेवा की गणनाकर संविलियन की सौगात हमें दिया था तो पुरानी पेंशन के लिए भी हमारी उसी पूर्व सेवा की गणना करके समस्त हित लाभ प्रदान कर समस्त शिक्षकों का दिल जीत सकते है। उम्मीद है मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री संवेदनशील हैं वे हमारी वेदना को भली-भांति समझेंगे। संघ के प्रांताध्यक्ष वीरेंद्र दुबे ने प्रदेश के समस्त शिक्षक संगठनों से अपील किया कि इस मुद्दे पर सभी संगठनों को एकमत होकर एकजुट होकर शासन के समक्ष अपनी मांग रखनी चाहिए। प्रदेश मीडिया प्रभारी जितेंद्र शर्मा ने पुरानी पेंशन योजना से संविलयन प्राप्त शिक्षकों को होने वाले नुकशान की जानकारी देते हुए बताया कि संविलियन वर्ष से पुरानी पेंशन की गणना करने से किसी भी संविलियन प्राप्त शिक्षक को पूर्ण पेंशन नही मिल पाएगा। वहीं हजारों शिक्षक, न्यूनतम पेंशन हेतु 10 वर्ष की सेवा बाध्यता की वजह से न्यूनतम पेंशन भी नही पा सकेंगे, क्योंकि वे संविलियन वर्ष से गणना करने और उनकी सेवानिवृति होते तक की समयावधि 10 वर्ष से कम है अतः वे किसी भी तरह के पेंशन से वंचित हो रहे हैं। शासन प्रशासन संवेदनशीलता के साथ पुनर्विचार करे और पेंशन के मामले में पुरानी सेवा की गणना करने का निर्णय जरूर ले। शालेय शिक्षक संघ के जिला पदाधिकारियो जिसमें कन्हैया तिवारी, राकेश सोनी, मुन्नवर बेग, संतोष शर्मा, दिनेश बर्वे, सूरज पाली, विष्णु कौशिक, शरद वर्मा, रामकुमार वर्मा, मोहन राजपूत, अमित मिश्रा, राकेश जोशी व पदाधिकारियो ने सरकार से उपरोक्त मांगो पर जल्द से जल्द निर्णय लेने की मांग की गई है।

**सेल्फी लेने के फेर में डेंजर जोन तक पहुंच जाते हैं, पर्यटक**

## बरसात से पहले पिकनिक स्पॉट की सुरक्षा का रखे ख्याल

हरिभूमि न्यूज ▶▶बोड़ला

कबीरधाम जिला सहित आसपास क्षेत्र के ग्रामीण पर्यटक बरसात के समय सुहाने मौसम का लुफ्त उठाने बड़ी संख्या में पिकनिक स्पॉट पहुंचते हैं। गहरे पानी में नहाने और सेल्फी लेने के फेर में डेंजर जोन तक पहुंच जाते हैं। बारिश सीजन में इन जगहों पर खतरा और भी बढ़ जाता है, उसके बाद भी सुरक्षा के लिहाज से किसी तरह के उपाय नहीं किए गए हैं।

गौरतलब है कि हर वर्ष भोरमदेव अभ्यारण्य अंतर्गत रानी-दहरा जलप्रपात, हाफ नदी पर बनी कंवर धार, नेऊर गांव स्थित गोदगोदा जलप्रपात, घोघरा खुर्द भैंसाओदार



जलप्रपात और सेंदूरखार मार्ग जलप्रपात में हादसे होते रहते हैं। पिछले वर्ष जलप्रपात में कई पर्यटकों की जान चली गई थी। लगातार हादसों के बाद भी वन मंडल सीख नहीं ले रहा है। पिकनिक स्पॉट में इस बरसात सीजन में जलस्तर बढ़ जाता है। साथ ही पत्थरों में फिसलन भी बढ़ जाती है, ऐसे में गिरने और डूबने का खतरा बढ़ जाता है, लोगों को ऐसे जगहों की जानकारी नहीं होती है। इस वजह से हादसे होते हैं। वन विभाग द्वारा सुरक्षा के लिहाज से ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। लोगों को सचेत करने के लिए सूचना बोर्ड नहीं लगाए जा रहे हैं वहीं डेंजर जोन तक रोकने के लिए बेरिकेटिंग तक नहीं की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### पुलिस प्रशासन ने 125 मोबाईल खोज कर लौटाए



**कवर्धा।** कबीरधाम पुलिस ने प्रार्थियों द्वारा जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में दर्ज कराई गई मोबाईल चोरी अथवा गुमने की शिकायत पर कार्यवाही करते हुए आवेदकों के कुल 125 नए मोबाईल फोन को खोजने में सफलता प्राप्त की है। मंगलवार को पुलिस प्रशासन ने एक सादे कार्यक्रम में संबंधित प्रार्थियों को बुलाकर उनके मोबाईल फोन लौटा दिए। पुलिस प्रशासन की इस कार्यवाही और अपने चोरी गए अथवा गुम चुके मोबाईल के पुनः वापस मिलने पर प्रार्थियों में भारी खुशी देखी गई और उन्होने पुलिस प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। पुलिस प्रशासन के मुताबिक इन मोबाईल फोन के गुम होने अथवा चोरी होने पर उनके स्वामियों द्वारा संबंधित थाना क्षेत्र में रपट दर्ज कराई थी जिस पर पुलिस प्रशासन ने कार्यवाही करते हुए इन मोबाईल फोन को खाजने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस प्रशासन ने बताया कि कुल 125 नग मोबाईल बरामद किए गए है जो अलग-अलग कम्पनियों के है और जिनका बाजार मूल्य करीब 20 लाख रूपए है।

### जिले के 71 श्रद्धालुओं की अयोध्या रवानगी आज

**कवर्धा।** श्री रामलला दर्शन अयोध्या धाम दर्शन करने कबीरधाम जिले के 71 श्रद्धालुओं का पहला दल दुर्ग रेलवे स्टेशन से अयोध्या धाम के लिए विशेष ट्रेन से कल रवाना होगा। इस संबंध में प्राप्त जानकारी अनुसार जिले से यात्रियो का दल 26 जून को दुर्ग रेलवे स्टेशन के लिए बस से प्रातः 6:30 बजे प्रस्थान करेंगे। इस अवसर पर जिला स्तर से श्रद्धालुओं का स्वागत करने तथा बस को रवाना करने के लिए कार्यक्रम वीर सावरकर भवन, अंबेडकर चौक कवर्धा में प्रातः 6:30 बजे आयोजित किया गया है। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ प्रदेश के स्थानीय निवासियों जिनकी आयु 18 से 75 वर्ष के बीच है उन्हें जीवन काल में एक बार उत्तर प्रदेश राज्य के अयोध्या में स्थित श्री रामलला जी के दर्शन के लिए शासकीय सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से श्री रामलला दर्शन अयोध्या धाम योजना राज्य शासन द्वारा लागू किया गया है। इसी क्रम में जिले के 11 निकाय जिसमें सभी जनपद पंचायत नगर पंचायत एवं नगर पालिका कवर्धा क्षेत्र के श्रद्धालु सहित एस्कॉर्ट दल के दो सदस्य यात्रा में शामिल है। बस्तर एवं दुर्ग संभाग के श्रद्धालुओं को लेकर विशेष ट्रेन दुर्ग रेलवे स्टेशन से कल रवाना होगी।

### थलसेना में अग्निवीर भर्ती परीक्षा दिसंबर में

**कवर्धा।** भारतीय थलसेना द्वारा माह अप्रैल 2024 में आयोजित लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा माह दिसंबर 2024 में आयोजित होना प्रस्तावित है। ऐसे सभी अभ्यर्थी जिन्होंने लिखित परीक्षा उत्तीर्ण की है, अपना नाम एवं विवरण जिला रोजगार कार्यालय, कबीरधाम में दर्ज कराएं ताकि शारीरिक दक्षता परीक्षा की तैयारी के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण आयोजित किया जा सके। अभ्यर्थी अपना विवरण जिला रोजगार कार्यालय के दूरभाष से संपर्क कर भी दर्ज करा सकते है।

### अन्तर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस विविध आयोजन आज

**कवर्धा।** नशापान करने की प्रवृत्ति पर प्रभावी नियंत्रण तथा समाज में नशामुक्ति के पक्ष में सकारात्मक वातावरण निर्मित किया जाना वर्तमान परिपेक्ष्य में आवश्यक प्रतीत होता है। नशापान करने की प्रवृत्ति की रोकथाम के लिए समुदाय में जागरूकता सृजन करने की अनिवार्यता के दृष्टिगत प्रयास किया जाना अपरिहार्य है। समुदाय की सहभागिता से नशापान के विरूद्ध व्यापक जनमत विकसित करने के लिए कलेक्टर जनमेजय महोबे के निर्देश पर कबीरधाम जिले में 26 जून 2024 ''अन्तर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस'' के अवसर पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक श्रीमती अभिलाषा पंडा ने बताया कि ग्राम पंचायत स्तरों पर गठित भारत माता वाहिनी समिति के माध्यम से नशामुक्ति कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही रेडियो एवं दूरदर्शन से नशा मुक्ति कार्यक्रमों का प्रसारण, जिले के समस्त विभागों के समन्वय से नशापान के विरूद्ध समुचित कार्यवाही, यथा संभव नशा पीड़ितों से प्रत्यक्ष संवाद विकसित किया जाकर उन्हें नशापान के दुष्परिणामों की जानकारी देना, नशामुक्ति साहित्यों का वितरण, सोशल मीडिया में प्रेरक स्लोगन, चित्रों आदि के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार, नशा तथा एड्स प्रभावित क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार, विद्यार्थियों में नशापान के विरूद्ध जागरूकता लाना, इसके लिए विश्वविद्यालय, महाविद्यालय, विद्यालय में नशापान न करने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

### गन्धर्व समाज ने लगाए फलदार व छायादार पौधे



**कवर्धा।** जिला नवयुवक गन्धर्व समाज द्वारा मां सरस्वती मंदिर प्रांगण में विश्व गन्धर्व दिवस के शुभ अवसर पर वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में 30 फलदार व छायादार वृक्ष लगाए गए और समाज के सभी लोगों ने पर्यावरण की सुरक्षा तथा लगाए गए पौधों के संरक्षण संवर्धन की शपथ ली। पौध रोपण कार्यक्रम में गंधर्व समाज के जिलाध्यक्ष सेवकराम गन्धर्व, नवयुवक गन्धर्व समाज जिलाध्यक्ष शिवप्रसाद दादू गन्धर्व, कवर्धा ब्लॉक अध्यक्ष सीताराम गन्धर्व, उपाध्यक्ष जनकराम गन्धर्व, स. लोहारा ब्लॉक अध्यक्ष मोहन गन्धर्व, गणेशराम गन्धर्वआदि उपस्थित थे।

---

**समस्या:** कई स्कूलों में सुविधाओं के साथ मरम्मत की आवश्यकता, शिक्षा विभाग ने की अनदेखी

# कहीं तैयारियों तो कहीं बगैर तैयारियों के साथ आज खुलेंगे स्कूलों के पट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

लम्बी छुट्टियों के बाद 26 जून यानी आज से एक बार फिर जिले के सभी शासकीय व गैर सरकारी स्कूलों के पट खुल जायेंगे और एक बार फिर स्कूलों में बच्चों की धमाचौकड़ी नजर आने लगी है। हालांकि स्कूली के पट तो 16 जून को ही खुल जाने थे लेकिन भीषण गर्मी को देखते हुए शासन ने इस बार तिथि बढ़कार 26 जून कर दी थी।

नए शिक्षा सत्र को लेकर जहां स्कूल शिक्षा विभाग तथा जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी करने का दावा किया है वहीं जिले के कई स्कूल ऐसे भी है जो विभाग व प्रशासन की तैयारियों से अछूते नजर आ रहे हैं। जहां बिजली, पानी, स्कूल मरम्मत आदि का आभाव देखा जा रहा है। ऐसे में नए शिक्षा सत्र में भी विद्यार्थियों को पुरानी समस्याओं और परेशानियों का सामना करना पड़ेगा जो वे बीते वर्ष भुगत चुके हैं। यहां बताना लाजिमी होगा कि जिले के शहरी क्षेत्रों से लेकर ग्रामीण और वनांचलों में संचालित ऐसे दर्जनों सरकारी स्कूल भवन हैं जिन्हें मरम्मत की दरगार है। इनमें से कुछ तो बेहद जर्जर व खस्ताहाल हो चुके हैं और उनमें स्कूली बच्चे जान हंथेली में लेकर पढ़ाई लिखाई करते हैं। विकासखण्ड पंडरिया की ग्राम पंचायत देवगडिया के आश्रित ग्राम ढोलाकांपा की बात की जाए तो यहां संचालित सरकारी स्कूल भवन की स्थिति भी बेहद दयनीय है। स्कूल भवन की दीवारों का प्लास्टर पूरी तरह उखड़ चुका है। भवन की खिड़कियों, फ्लोरिंग आदि का भी हाल बेहाल है। इसी तरह विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम बाहपानी, कुशयारी, महिडबरा, हथिबुदान, मजगांव सहित दर्जनों ग्रामों के स्कूलों की स्थिति मरम्मत योग्य है। बेहतर होगा कि शासन-प्रशासन व स्कूल शिक्षा विभाग इस ओर गंभीरता दिखाते हुए वक्त रहते हुए सरकारी स्कूल भवनो की मरम्मत कराने में रूचि दिखाए।

#### स्कूल जाने की तैयारियों में जुटे बच्चे




दूसरी तरफ नए शिक्षा सत्र को लेकर बच्चों में खासा उत्साह देखा जा रहा है और वे अपने सहपाठियों के साथ धमाचौकड़ी मचाने बेताब नजर आ रहे है। बच्चों में जहां स्कूल जाने को लेकर उत्साह है वहीं वे नई शैक्षणिक सामग्री को लेकर भी गदगद है। खासकर निजी स्कूलों के बच्चों ने तो नई शैक्षणिक सामग्री की खरीददारी भी शुरू कर दी है। बच्चे अपने परिजनों के साथ दुकानो में पहुंचकर अपनी मनपसंद के स्कूल बैग, टिफिन सेट, वॉटर बैग, कम्पास, सीस, पेन, कॉपी आदि की खरीदी कर रहे है।

#### इस बार नई शिक्षा नीति के तहत बच्चों की होगी पढ़ाई

यहां बताना लाजिमी होगा कि इस बार का नया शिक्षा सत्र कुछ रहेगा। क्योंकि इस बार प्राथमिक स्तर के बच्चों को शिक्षक नई शिक्षा नीति के तहत पढ़ाई, लिखाई कराएगे। जो काफी रोचक भी है। नई शिक्षा नीति के तहत बच्चों को तेयार करने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जिले के साथी प्राथमिक स्तर के शिक्षकों को बकायदा प्रशिक्षण भी दिया है। अब देखना होगा कि प्रशिक्षित शिक्षक नई शिक्षा नीति के तहत विद्यार्थियों को कितने बेहतर ढंग से भविष्य के लिए तैयार कर पाते हैं।

---

## मृत मवेशी के मालिकों को मुआवजा राशि भुगतान करेगा वन विभाग, प्रक्रिया प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले के वनपरिक्षेत्र पंडरिया पश्चिम में हाल के दिनो में वन्यप्राणी तेंदुआ द्वारा ग्रामीणों के मवेशियों को शिकार बनाए जाने के मामले पर अब वन विभाग द्वारा पीड़ित मवेशी मालिकों को मुआवता देने की कार्यवाही की जा रही है।

इस संबंध में वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार वन परिक्षेत्र पंडरिया पश्चिम के अंतर्गत कक्ष क्रमांक पीएफ 492 एवं 485 के बार्डर में 19 जून को कुकदूर थाना अंतर्गत नूनमट्टी निवासी रामाधीन पिता हीरालाल बैगा ग्राम नूनमट्टी की 01 नग गाय उम्र लगभग 05 वर्ष को वन्य पशु तेन्दुआ के द्वारा मारा गया था। इसी प्रकार 21 जून को वन परिक्षेत्र पंडरिया पश्चिम के अंतर्गत कक्ष क्रमांक पीएफ 481 में अमरू पिता फागन बैगा ग्राम रूखमीदादर कुकदूर के 01 नग बैल आयु लगभग 06 वर्ष को वन्य पशु तेन्दुआ ने अपना शिकार बनाकर मौत के घाट उतार दिया था। घटना की जानकारी प्राप्त होते ही वन के अधिकारीयों द्वारा मौका स्थल पर पहुंचकर पंचनामा, बयान तैयार किया गया एवं मृत मवेशी का पोस्टमार्टम कराया गया। मवेशियों की मौत वन्यप्राणी तेंदुआ द्वारा किए जाने की पुष्टि होने पर अब प्रकरण में मृत मवेशी के मालिक को वन विभाग द्वारा दी जाने वाली क्षतिपूर्ति राशि देने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। वन विभाग के मुताबिक छत्तीसगढ़ शासन वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा पशु हानि पर अधिकतम 30000.00 (तीस हजार रूपए) क्षतिपूर्ति के रूप में देने का प्रावधान है। पहले प्रकरण में सरपंच द्वारा दिए गए प्रमाण पत्र के आधार पर मृत पशु गाय का अनुमानित बाजार मूल्य 7000.00 सात हजार रूपए क्षतिपूर्ति के रूप में गाय मालिक को देने हेतु प्रस्तावित की गयी है। दूसरे प्रकरण में सरपंच द्वारा दिए गए प्रमाण पत्र के आधार पर मृत पशु बैल का अनुमानित बाजार मूल्य 12000.00 बारह हजार रूपए क्षतिपूर्ति के रूप में पशु मालिक को देने हेतु प्रस्तावित किया गया है। वनमंडल स्तर पर क्षेत्रीय अधिकारी एवं कर्मचारियों को सतत क्षेत्रीय भ्रमण, गश्त करने निर्देशित किया गया है। क्षेत्रीय अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा अपने क्षेत्र का सतत गश्त किया जा रहा है तथा आसपास के क्षेत्र में मुनादी, प्रचार-प्रसार के माध्यम से ग्रामीणों को वन्यप्राणी दिखाई देने पर तत्काल वन विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों की सूचना देने कहा गया।

### पार्षद प्रतिनिधि साहू ने घर-घर जाकर बांटे हितग्राहियों को राशन कार्ड



**कवर्धा।** घर-घर जाकर बांटे जा रहे हितग्राहियों को राशन कार्ड
**कवर्धा।** राशन कार्ड नवीनीकरण के बाद इस बार हितग्राहियों को अपने नवीन राशन कार्ड प्राप्त करने के लिए नगर पालिका के चक्कर नहीं काटने पड़ रहे हैं। बल्कि उन्हें स्थानीय जनप्रतिनिधयों द्वारा घर-घर जाकर राशन कार्ड वितरित किए जा रहे हैं। इस सराहनीय कार्य की शुरूआत बीते दिनो कवर्धा विधायक एवं प्रदेश उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अपने कवर्धा प्रवास के दौरान में की थी। अब उनके निर्देश पर वार्ड क्रमांक 20 के पार्षद प्रतिनिधि एवं अध्यक्ष भाजजयुमोअनिल साहू द्वारा अपने वार्ड के हितग्राहियों को घर-घर जाकर राशन कार्ड वितरित किए जा रहे हैं। जिसके हितग्राहियों द्वारा सराहना की जा रही है।

---

## जुआरियों की फड़ में दबिस, दो जुआरी गिरफ्तार, बाकी फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



पिपरिया पुलिस तथा सायबर सेल की संयुक्त टीम ने थाना क्षेत्र में जमी जुआरियों की एक फड़ में दबिश देकर दो जुआरियों को गिरफ्तार किया है हालांकि इस फड़ में बड़ी संख्या में जुआरी मौजूद थे लेकिन वे मौके पर पुलिस की दबिश को देख भाग खड़े हुए। फड़ में दो से अधिक जुआरियों की मौजूदगी की पुष्टि इस बात से भी होती है कि पुलिस ने फड़ से सात नग मोटर सायकल जप्त की है वहीं दो नग मोबाईल फोन बरामद किए हैं। पुलिस ने गिरफ्त में आए जुआरियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पिपरिया पुलिस को मुखबिर के जरिए इस बात की सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र के ग्राम मानिचौरी खार में कुछ लोग फड़ जमाकर जुआ खेल रहे हैं। इस सूचना के बाद तत्काल एक टीम गठित की गई और मौके पर रेड कार्यवाही की गई। रेड कार्यवाही के दौरान पुलिस ने मौके से जुआरी मोतीराम साहू व बीरेंद्र साहू को दबोच लिया बाकी के आरोपी मौका पाकर चंपत हो गए। पुलिस ने मौके से 7 नग मोटर सायकल, 2 मोबाइल फोन तथा 17740 रूपए नगद जप्त किए है। गिरफ्त में आए जुआरियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। इस कार्यवाही में सायबर सेल प्रभारी निरीक्षक आशीष कंसारी, प्रधान आरक्षक अभिनव तिवारी, वैभव कल्चुरी, आरक्षक अमित गौतम, गज्जू सिंह, शैलेन्द्र निषाद, आकाश राजपूत, उपेन्द्र ठाकुर एवं थाना पिपरिया स्टाफ की टीम ने सराहनीय भूमिका निभाई है।

## टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधि शिक्षा सचिव व संचालक से मिले

- पदोन्नति, क्रमोन्नति, वेतन विसंगति व पुरानी पेंशन पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि एसोसिएशन के प्रांतीय प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेशाध्यक्ष संजय शर्मा के नेतृत्व में मंत्रालय रायपुर में स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी एवं लोक शिक्षण संचालनालय के संचालक दिव्या मिश्रा से मुलाकत कर शिक्षक एलबी संवर्ग को प्रथम नियुक्ति तिथि से पूर्व सेवा की गणना कर पुरानी पेंशन व क्रमोन्नति, वेतन विसंगति तथा पदोन्नति संबंधी मांग पत्र प्रस्तुत किया है। एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि शिक्षा कर्मी के पद पर प्रथम नियुक्ति तिथि से पूर्व सेवा के आधार पर पुरानी पेंशन हेतु कुल सेवा अवधि की गणना किया जाए। पेंशन निर्धारण हेतु अर्हकारी सेवा को 33 वर्ष के स्थान पर केंद्र सरकार की तरह 20 वर्ष किया जाए। सहायक शिक्षकों के वेतन विसंगति को दूर किया जाए। पूर्व सेवा अवधि के आधार पर क्रमोन्नत वेतनमान प्रदान किया जाए। व्याख्याता संवर्ग से प्राचार्य के पदों पर पदोन्नति पांच मार्च 2019 को जारी छग स्कूल शिक्षा सेवा शैक्षिक एवं प्रशासनिक संवर्ग भर्ती तथा पदोन्नति नियम 5 मार्च 2019 में तय रेशियो के अनुसार किया जाए। प्रधान पाठक प्राथमिक शाला, शिक्षक, प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला व व्याख्याता के रिक्त समस्त पदों पर अविलम्ब पदोन्नति किया जाए। जिलाध्यक्ष श्री चन्द्रवंशी ने बताया कि भर्ती व पदोन्नति नियम 2019 के आधार पर प्रधान पाठक प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला तथा शिक्षक पद पर पदोन्नति किया जा चुका है, जबकि अब तक इस नियम के आधार पर प्राचार्य व व्याख्याता के पदों पर पदोन्नति नहीं की गई है। वर्तमान में प्रदेश में प्राचार्य के 3400 एवं व्याख्याता के हजारों पद रिक्त है, इससे शिक्षा गुणवत्ता प्रभावित हो रहा है। चर्चा के दौरान शिक्षा विभाग के सचिव ने कहा है कि वरिष्ठता सूची का अंतिम प्रकाशन कर शीघ्र पदोन्नति की प्रक्रिया पूरी किया जाएगा। अन्य विषय पर भी समयानुसार निर्णय लिया जाएगा. इस दौरान एसोसिएशन के प्रांतीय व जिला पदाधिकारी उपस्थित थे।

---

**जयंती पर पौधा रोपण, रक्तदान, ध्वजा रोहण तथा संगोष्ठी कार्यक्रम हुआ**

## आदिवासी समाज ने वीरांगना रानी दुर्गावती को दी पेनांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



जिला आदिवासी समाज द्वारा जिला गोंड समाज सेवा समिति जिला कबीरधाम के बैनर तले 24 जून को गोंडवाना साम्राज्य की वीरांगना महारानी दुर्गावती मेरावी के 460 वीं बलिदान दिवस के अवसर पर समस्त विकासखंड सहित जिला मुख्यालय में समाज प्रमुखों ने उनके शौर्य गाथा को स्मरण करते हुए पेनांजली दी। कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए डॉ. संतोष धुर्वे जिला महासचिव ने बताया कि सुबह 10 बजे रानी दुर्गावती परिसर में पौधारोपण किया गया। दोपहर 2.00 बजे कैलेक्ट्रेड मार्ग स्थित वीरांगना रानी दुर्गावती चौक में स्थित आदम कद प्रतिमा का गोंगों कर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में दोपहर 3.00 बजे आदिवासी मंगलभवन में उनके गौरव गाथा पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के कई वरिष्ठ वक्ताओं ने महारानी दुर्गावती के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके जीवन की शौर्यगाथा पर अपने विचार व्यक्त किए। सामाजिक संगोष्ठी को मुख्य रूप से सीआर राज, डॉ.संतोष धुर्वे, आसकरण सिंह धुर्वे, नदलाल धूमकेती, नेकलाल मेरावी ने संबोधित किया। शाम 4.30 बजे संग्राम धुर्वे, लीला धुर्वे, लोकेश मेरावी आदि ने रक्तदान किया। इस कार्यक्रम में सीआर राज, गजराज सिंह टेकाम, इतवारी धुर्वे, मनोहर सिंह धुर्वे, सिद्धराम मेरावी, सुखनंदन धुर्वे, नेकलाल मेरावी, नंदलाल मेरावी, फेरू मरकाम, पुरन धुर्वे, संतोष मेरावी, मनीराम छेदावी, बाबूराम धुर्वे, आसकरण सिंह धुर्वे, अंजोर सिंह सिदार, रोहित कुमार धुर्वे, कैलाश मंडावी, गेंदू मेरावी नंदलाल धूमकेती, त्रिलोचन उइके, विजय पोर्ते, मीनाक्षी धुर्वे सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

## सिकल सेल खत्म करने के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक...कलेक्टर महोबे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



सिकलसेल एनिमिया उन्मूलन मिशन का शुभारंभ 01 जुलाई 2023 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किया गया है। जिसके अंतर्गत 0 से 40 वर्ष आयु वर्ग के समस्त व्यक्तियों का निःशुल्क सिकल सेल जॉच एवं उपचार दिया जा रहा है। इसके लिए राज्य स्तर से जिला कबीरधाम को वित्तीय वर्ष 2023 से 2026 तक कुल 6 लाख 31 हजार 123 सिकलसेल जांच करने का लक्ष्य दिया गया है। जिसमें से वर्तमान में 2 लाख 78 हजार 78 व्यक्तियों की सिकलसेल जॉच किया गया है। जिसमें 571 सिकलसेल रोगी, 3 हजार 363 सिकलसेल वाहक प्राप्त हुए है। कलेक्टर जनमेजय महोबे के मार्गदर्शन में विश्व सिकलसेल दिवस के अवसर पर आदिम जाति विकास विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा संयुक्त रूप से सिकल सेल एनिमिया उन्मूलन जागरूकता के लिए विशेष अभियान 19 जून 2024 से 03 जुलाई 2024 तक चलाया जा रहा है। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने जन समान्य से आग्रह किया कि समस्त 0 से 40 वर्ष आयु वर्ग के व्यक्ति सिकलसेल जॉच आवश्य कराएं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीएल राज ने बताया की सिकलसेल बीमारी को आमजन सिकलिन के नाम से जानते है। बीमारियों से बचाव और दवाईयों के संबंध में जागरूकता की कमी से कईयों की जान चली जाती है। ग्रामीण क्षेत्र में लोग आज भी बैगा गुनिया से ईलाज करवाते है या अज्ञानता वष स्वयं गोली खा कर ठीक होने का प्रयास करते है, जो कि गलत है। सिकलसेल एक अनुवांषिक बीमारी है, बीमारी से बचाव के लिए विवाह के पूर्व खून की जॉच अवश्य करवाएं। जॉच में यदि सिकलसेल के लक्षण मिले तो नियमित रूप से दवाईयों का सेवन करें एवं डाक्टर के बताए अनुसार खून जांच करवाते रहे।